भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 273 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 27 सितम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट


**क्रियायोग संदेश**

**क्रिया योगः** साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

**स्वामी श्री योगी सत्यम्**

**क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान**

**प्रयागराज**

**10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास**


# यूपी मंत्रिमंडल विस्तारः योगी कैबिनेट में शामिल हुए सात नए मंत्री



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आज योगी सरकार की कैबिनेट का विस्तार हुआ। शपथ ग्रहण कार्यक्रम राजभवन के गांधी सभागार में किया गया जहां यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सात विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। जितिन प्रसाद ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली जबकि पलटू राम, छत्रपाल गंगवार, संजीव कुमार, संगीता बलवंत बिंद, दिनेश खटिक और धर्मवीर प्रजापति को राज्य मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।योगी सरकार का ये तीसरा कैबिनेट विस्तार : 2017 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी और उसके सहयोगियों ने 325 सीटें जीती थीं। उसके बाद 19 मार्च 2017 को सरकार गठन हुआ और उस वक्त पहला शपथ ग्रहण समारोह हुआ था। उसके बाद 21 अगस्त 2019 को दूसरा कैबिनेट विस्तार हुआ, जिसमें 23 मंत्रियों ने शपथ ली। अब तीसरा विस्तार आज होने जा रहा है, जिसमें 7 से 8 मंत्री शपथ ले सकते हैं। मंत्रिमंडल विस्तार से पहले शाम 4:30 बजे भाजपा संगठन की बैठक होगी। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में बैठक, संगठन मंत्री सुनील बंसल भी मौजूद रहेंगे। इन मंत्रियों को किया जा सकता है शामिल- जितिन प्रसाद (ब्राह्मण - सवर्ण) ; डॉ. संगीता बिंद (मल्लाह ओबीसी) ; धर्मवीर प्रजापति (कुम्हार - ओबीसी) ; पलटूराम (अनुसूचित जाति) ; छत्रपाल गंगवार (कुर्मी - ओबीसी) ; दिनेश खटिक (दलित - एससी) ; संजय गौड़ (अनुसूचित जनजाति - एसटी) आपको बता दें कि मौजूदा समय में राज्य सरकार में मुख्यमंत्री समेत 23 कैबिनेट मंत्री, नौ स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और 21 राज्य मंत्री हैं। राज्य विधानसभा में सदस्यों की संख्या 403 होने की वजह से नियमानुसार 60 मंत्री बनाए जा सकते हैं, लेकिन मौजूदा समय में सिर्फ 53 मंत्री हैं और सात पद खाली हैं। उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार की संभावना केंद्रीय मंत्रिमंडल में विस्तार व फेरबदल के बाद से ही बढ़ गई थी। बीते 8 जुलाई को हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल के विस्तार में यूपी को खास तवज्जो दी गई थी। जिसमें जातीय गणित पर साधने का प्रयास किया गया था। यूपी से बनाए गए सात नए मंत्रियों में चार ओबीसी, दो दलित और एक ब्राह्मण समाज के थे। मोदी के कैबिनेट में यूपी का मजबूत प्रतिनिधित्व है। यह पहली बार है जब केंद्रीय कैबिनेट में यूपी से रिकॉर्ड 15 मंत्री बनाए गए हैं।

## एक ब्राह्मण और 6 ओबीसी-दलित, योगी ने दोहराया मोदी का फार्मूला

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी की योगी सरकार का रविवार की शाम बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल विस्तार हो गया। विधानसभा चुनाव से केवल छह महीने पहले हुए योगी मंत्रिमंडल विस्तार में सात विधायकों को मंत्री बनाया गया है। पिछले महीने मोदी सरकार के कैबिनेट विस्तार में भी यूपी से सात लोगों को मंत्री बनाया गया था। संयोग से मोदी सरकार में भी एक ब्राह्मण और छह ओबोसी या दलित समाज के सांसद को मंत्री बनाया गया था। आज योगी सरकार में भी एक ब्राह्मण और छह ओबीसी या दलित को मंत्री बनाया गया है। मोदी की तरह योगी सरकार ने भी ओबीसी में गैर यादव और दलित में गैर जाटव को सरकार में शामिल किया है।

## नए मंत्रियों की शपथ

1. सबसे पहले जितिन प्रसाद ने शपथ ली। तीन महीने पहले कांग्रेस से भाजपा में आए थे। कैबिनेट मंत्री बने।
2. छत्रपाल गंगवार ने शपथ ली, बरेली के बहेड़ी सीट से आते हैं। कुर्मी समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं। उम्र 65 साल है।
3. पलटू राम ने तीसरे नंबर पर शपथ ली। ये बलराम पुर से आते हैं। 2017 में जीते थे। दलित समुदाय से आते हैं।
4. संगीता बलवंत बिंद ने चौथे नंबर पर शपथ ली। पहली बार विधायक चुनी गई हैं। 42 साल उम्र हैं। पिछड़ी जाति से आती हैं। गाजीपुर सदर सीट से आती हैं।
5. संजीव कुमार ने पांचवें नंबर पर शपथ ली। सोनभद्र की ओबरा सीट से आते हैं। आदिवासी समुदाय से आते हैं।
6. दिनेश खटीक ने छठे नंबर पर शपथ ली। मेरठ के हस्तिनापुर से आते हैं। दलित समुदाय से आते हैं। पश्चिम यूपी से मंत्री बने हैं।
7. धर्मवीर प्रजापति हाथरस से आते हैं। विधान परिषद सदस्य हैं। 2021 में ही विधान परिषद में पहुंचे हैं। माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं।

## चौटाला परिवार की कलह फिर हुई जगजाहिर, देवी लाल की सियासी विरासत पर काबिज होने की मची होड़



**सिरसा (एजेंसी)।** पूर्व उप-प्रधानमंत्री दिवंगत चौधरी देवी लाल की राजनीतिक विरासत पर काबिज होने के लिए चौटाला परिवार में मची होड़ शनिवार को उनकी जयंती पर भी देखने को मिली। चौटाला परिवार की आज चौथी पीढ़ी सियासत में है। देवी लाल के पुत्र ओम प्रकाश चौटाला के नेतृत्व वाले इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने हर साल की तरह इस बार भी 25 सितंबर को 'सम्मान दिवस समारोह' मनाया और जींद में रैली कर शक्ति प्रदर्शन किया, जिसमें पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल, जम्मू के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुला, जेडीयू नेता के.सी. त्यागी और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बिरेंद्र सिंह आदि ने शिरकत की। इनेलो, इधर फिर से 'गैर कांग्रेसी-गैर भाजपाई मोर्चा बनाने की बात कर रहा है।

उधर, 2018 में बगावत का बिगुल बजाकर जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) बनाने वाले दुष्यंत चौटाला, जो 2019 में दस सीटें पाने के बाद मनोहर लाल खट्टर की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री बन चुके हैं, उन्होंने मेवात में चौधरी देवीलाल की प्रतिमा के अनावरण के बहाने अलग कार्यक्रम किया। प्रदेश सरकार में बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने अपने सिरसा स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं को सहभोज करवाकर पहली बार देवी लाल जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में रानियां से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े और जीते रणजीत सिंह ने चुनाव प्रचार में चौधरी देवी लाल के पोस्टर लगाए थे और विरासत को भुनाने की कोशिश की थी।

### माओवादियों पर कड़े प्रहार की तैयारी

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुलाई 10 प्रभावित राज्यों के सीएम संग बड़ी बैठक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को नक्सल प्रभावित 10 राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक हाई लेवल मीटिंग बुलाई है। इस दौरान अमित शाह नक्सल प्रभावित राज्यों के सीएम के साथ विस्तार से चर्चा करेंगे और सीमांत क्षेत्रों में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेंगे।

साथ ही इन राज्यों में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियानों की भी जानकारी लेंगे। बैठक दिल्ली के विज्ञान भवन में बुलाई गई है। मीटिंग में छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल, महाराष्ट्र सीएम उद्धव ठाकरे, झारखंड सीएम हेमंत सोरेन, ओडिशा सीएम नवीन पटनायक, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेलंगाना सीएम के चंद्रशेखर राव, आंध्र मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी, मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान और केरल सीएम पिनराई विजयन शामिल होंगे।



हालांकि, बैठक में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी और छत्तीसगढ़ सीएम भूपेश बघेल शामिल नहीं हुए हैं। दोनों राज्य अपने-अपने प्रतिनिधियों को इस बैठक में भेजेंगे।

सुरक्षा स्थिति की जानकारी लेने के अलावा, गृह मंत्री अमित शाह इन माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों की समीक्षा भी कर सकते हैं, जैसे सड़क, ब्रिज, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण पर भी चर्चा की जा सकती है। बता दें कि भारत में नक्सल प्रभावित इलाकों में तेजी से कमी आई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, अब देश के सिर्फ 45 जिले ही नक्सल प्रभावित हैं। वहीं, साल 2019 में यह आंकड़ा 61 था।

## पंजाब कैबिनेट विस्तारः चन्नी के 15 मंत्रियों ने ली शपथ, 7 नये चेहरों को मौका, 8 पुराने नेताओं पर भरोसा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब में चरणजीत सिंह चन्नी की सरकार का पहला कैबिनेट विस्तार रविवार को हुआ, जिसमें 15 नए मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। चन्नी कैबिनेट में कैबिनेट सरकार में मंत्री रहे नेताओं को भी जगह दी है तो कई नए चेहरों को भी शामिल किया गया है।


महिला विधायक अरुणा चौधरी और रजिया सुल्ताना को भी मंत्री बनाया गया है। राजभवन में आयोजित शपथग्रहण समारोह में राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित 15 नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने वाले सभी 15 मंत्री कैबिनेट स्तर के हैं। कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले मनप्रीत सिंह बादल, ब्रह्म मोहिंदरा, अरूणा चौधरी, तृप्त रजिंदर सिंह बाजवा, सुखविंदर सिंह सरकारिया, रजिया सुल्ताना, विजेंद्र सिंह सिंगला, भरत भूषण आशु पिछली कैप्टन सरकार में भी कैबिनेट मंत्री थे। इनके अलावा 7 नए चेहरों में राणा गुरजीत सिंह, रणदीप सिंह नाभा, राज कुमार वेरका, संगत सिंह गिल्जियां, परगट सिंह, अमरिंदर सिंह राजा बडिंग और गुरकीरत सिंह कोटली ने कैबिनेट मंत्री के रूप में ग्रहण की।



नए मंत्रियों के विभागों का वंटवारा आज देर शाम तक होने की संभावना है। शपथ ग्रहण समारोह के बाद पार्टी के प्रदेश मामलों के प्रभारी हरीश रावत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिन वरिष्ठ नेताओं को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है उनके बारे में पार्टी ने कुछ सोच रखा है। ऐसे नेताओं को पार्टी संगठन में समायोजित कर अहम जिम्मेदारियां दी जाएंगी। उन्होंने नए मंत्रिमंडल को हर लिहाज से संतुलित बताया और कहा कि इसमें सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया गया है।

## पंजाबः कैबिनेट से पत्ता कटने पर रोने लगे पूर्व मंत्री, पार्टी के फैसले पर उठाए सवाल


**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब में चरणजीत सिंह चन्नी की अगुआई वाली कांग्रेस सरकार के पहले कैबिनेट विस्तार से पहले कई नेताओं ने खुलकर असंतोष और नाराजगी जाहिर की है। अमरिंदर सरकार में मंत्री रहे कई नेताओं ने पत्ता कटने के बाद पार्टी के फैसले पर सवाल खड़े किए हैं। इससे पहले कांग्रेस के कुछ नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू को लेटर लिखकर राणा गुरजीत सिंह को



कैबिनेट में शामिल नहीं करने की अपील की है। इन नेताओं ने कहा है कि राणा गुरजीत सिंह ''दोआबा के भ्रष्ट और दागी नेता हैं।'' नेताओं ने यह भी मांग की कि किसी साफ-सुथरी छवि के दलित नेता को मौका दिया जाए। उन्होंने यह खत मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को भी भेजा है। कैबिनेट विस्तार से कुछ मिनट पहले ही अमरिंदर सरकार में मंत्री रहे बलबीर सिंह सिधू और गुरपीत सिंह कांगर ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की और पार्टी से पूछा कि आखिर उनकी गलती क्या थी, जिसकी वजह से उन्हें हटा दिया गया है। बलबीर सिंह यह कहते हुए भावुक हो गए और पूछा, ''आखिर मेरी गलती क्या है'' कांगर ने भी यह सवाल किया।

## किसान संगठनों के 'भारत बंद' को कांग्रेस सहित कई राजनीतिक दलों का समर्थन, दिल्ली-यूपी में बढ़ाई गई सुरक्षा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तीन कृषि कानूनों के खिलाफ एक साल से अधिक समय से प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों की ओर से सोमवार (27 सितंबर) को भारत बंद का आयोजन किया जाएगा। सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक बंद का आह्वान किया गया है। किसानों के आंदोलन की अगुवाई कर रहे 40 से अधिक कृषि यूनियन के निकाय संयुक्त किसान मोर्चा ने लोगों से बंद में शामिल होने की अपील की है। पश्चिमी, यूपी, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों में इसका अधिक असर दिख सकता है। कई राजनीतिक दलों ने भी बंद का समर्थन किया है तो कई राज्यों में पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है। देश के विभिन्न हिस्सों, विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा और



पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान, पिछले साल नवंबर से दिल्ली की सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। गतिरोध तोड़ने और किसानों के विरोध प्रदर्शन को समाप्त कराने के लिए सरकार और किसान यूनियन ने अब तक 11 दौर की बातचीत की है, आखिरी बातचीत 22 जनवरी को हुई थी। 26 जनवरी को किसान प्रदर्शनकारियों की एक ट्रैक्टर रैली के दौरान व्यापक हिंसा के बाद बातचीत फिर से शुरू नहीं हुई है। किसान समूहों ने आरोप लगाया है कि ये कानून 'मंडी' और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) खरीद प्रणाली को समाप्त कर देंगे और किसानों को बड़े कॉरपोरेट की दया पर छोड़ देंगे। वहीं सरकार ने इन आशंकाओं को गलत बताते हुए खारिज कर दिया है और कहा है कि इन कदमों से किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। कांग्रेस ने रविवार को अपने सभी कार्यकर्ताओं, प्रदेश इकाई प्रमुखों और पार्टी से जुड़े संगठनों के प्रमुखों को 'भारत बंद' में भाग लेने के लिए कहा।

## 89 साल के हुए पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, पीएम मोदी और राहुल गांधी ने दी बधाई, कांग्रेस ने बताया- निर्भीक और टैलेंटेड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का जन्मदिन है। राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में से एक मनमोहन सिंह रविवार को 89 साल के हो गए। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। पीएम मोदी ने जहां उनके स्वस्थ जीवन की कामना की वहीं, राहुल ने कहा कि कहा कि उन्हें देश के समक्ष मौजूद मुद्दों की बहुत अच्छी समझ है एवं उनसे काफी कुछ सीखा जा सकता है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा, 'एक दूरदृष्टा।

## रोहिणी कोर्ट में गैंगस्टर को उड़ाने के बाद करने वाले थे सरेंडर, हत्यारों ने बना रखी थी पूरी योजना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोहिणी अदालत के भीतर जितेंद्र गोगी की हत्या करने वाले और बाद में पुलिस के जवाबी गोलीबारी में मारे गए राहुल और जगदीप ने गैंगस्टर की हत्या करने के बाद सरेंडर की योजना बनाई थी। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

शुक्रवार को दोनों वकील के वेष में न्यायाधीश गगनदीप सिंह की अदालत में घुसे और उन्होंने गैंगस्टर गोगी पर गोली चलाई जिससे उसकी मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, राहुल और जगदीप उर्फ जग्गा गोगी के प्रतिद्वंद्वी गिरोह के थे। पुलिस ने कहा कि कोर्ट रूम और कैंपस में लोगों की जान खतरे में थी इसलिए पुलिस को जवाब में गोली चलानी पड़ी। शनिवार देर रात हुए घटनाक्रम में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रोहिणी अदालत में हुई घटना के संबंध में उमंग यादव और विनय को गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने बताया कि आरोपी शुक्रवार पूर्वाह्न 10 बजे एक कार से अदालत पहुंचे। उनकी योजना के अनुसार, चार लोग वकीलों के वेष में अदालत के भीतर जाकर गोगी की हत्या और उसके बाद न्यायाधीश के सामने समर्पण करने वाले थे।

बताया जाता है कि उनमें से एक ने काली जींस पहनी थी। इसलिए यादव और काली जींस वाला व्यक्ति अदालत के भीतर नहीं गए। राहुल और जगदीप गोगी की हत्या के मकसद से अंदर गए। सूत्रों ने बताया कि काली जींस वाले व्यक्ति को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। यादव और विनय को उत्तर पश्चिमी दिल्ली के हैदरपुर इलाके में स्थित एक फ्लैट से गिरफ्तार किया गया जिसका मालिक यादव है। पुलिस के अनुसार, गोगी टिल्लू नामक एक अन्य गैंगस्टर का प्रतिद्वंद्वी है और उनके बीच कई सालों से जंग चल रही है। सूत्रों ने कहा कि टिल्लू, राठी और नवीन बाली, ये सभी विभिन्न आपराधिक गिरोहों के सरगना हैं और वे इस घटना के पीछे हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी जेल में हैं।

## खबर संक्षेप

### अर्धविक्षिप्त युवती ने कुए मे कूदकर की आत्महत्या

**हंडिया।** क्षेत्र के रसूलपुर गांव मे अर्धविक्षिप्त युवती ने कुए मे कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुचे फायरब्रिगेड कर्मियो ने स्थानीय लोगो की मदद से शव को बाहर निकाल लिया। आवश्यक कार्यवाही के बाद पुलिस ने शव को पी एम के लिये भेज दिया है। कोतवाली हंडिया क्षेत्र के रसूलपुर गांव की प्रियंका तिवारी 22 पुत्री मणिशंकर तिवारी रविवार सुबह अपने पिता से जींस खरीदने की जिद करने लगी। पिता ने आश्वासन दिया कि दीपावली के आसपास उसे जींस का पैंट दिला देगे। पिता की बात से क्षुब्ध होकर वह घर से भागने लगी। परिजनो ने पीछा किया लेकिन जब तक वह उसके पास पहुचते उसने कुए मे छलांग लगा दी। पानी मे डूबने के चलते उसकी मौत हो गई। मृतका तीन बहनो मे सबसे छोटी थी। उसका छोटा भाई रितेश है। मौके पर पहुचे हंडिया कोतवाल ब्रजेश सिंह व फायर ब्रीग्रेड कर्मियो ने ग्रामीणो की मदद से शव को कुए से बाहर निकाला। हंडिया पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद शव को पी एम के लिये भेज दिया है।

# डीएम की अध्यक्षता में बृहद टीकाकरण अभियान की बैठक सम्पन्न

**मेगाअभियान द्वितीय डोज में प्राथमिकता पर कराये अपना टीकाकरण**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बृहद टीकाकरण का मेगा अभियान द्वितीय डोज की बैठक आयोजित किया गया जिसमे जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि जितने भी नोडल अधिकारी है, वे अपने क्षेत्रो में भम्रणशील रहकर ज्यादा से लोगो को टीकाकरण सुनिश्चित करायेगे उन्होंने टीकाकरण की जानकारी लेते हुए कहा कि प्रत्येक टीकाकरण केन्द्रो पर पर्याप्त संख्या में रजिस्ट्रेशन कर्ता एवं टीका लगाने वालो की टीमें रहेगी तथा प्रयागराज जनपद के आम जनमानस से अपील भी की है कि नजदीकी टीकाकरण केन्द्रो पर पहुचकर टीका अवश्य लें, उन्होंने अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (टीकाकरण) से कहा कि नेटवर्क आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करा ले जायें बैठक में जिला विधालय निरीक्षक अनुपस्थित पाये जाने पर स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने कहा है कि लक्ष्य के प्राप्त करना हैं और जनपद को टाप पर भी रहना है बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि तथा जनपद स्तरीय सभी नोडल अधिकारी तथा सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी उपस्थित रहें।



टीकाकरण मेगा अभियान द्वितीय डोज की बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी

### चयनित अभ्यार्थियो को जिलाधिकारी ने पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री रविवार को सरकिट हाऊस सभागार में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2020 में प्रयागराज के चयनित अभ्यार्थियो को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया, उनकी सफलता पर उनको बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। टी पार्टी में सफल अभ्यर्थियो से उनका अनुभव साझा करते हुए अपना अनुभव भी साझा किया। चयनित अभ्यर्थियो के साथ आये हुए उनके माता-पिता से बाच-चीत करते उनको भी बधाई दी। प्रयागराज से सफल होने वाले में सृजन वर्मा, अपूर्वा त्रिपाठी, अंशिका वर्मा, अभिषेक शुक्ला, शाश्वत त्रिपाठी है।

# कोरांव में ग्राम प्रधानों बीडीसी मेम्बरों का हुआ सम्मान

**सरस्वती मोटर्स,एवम जगमोहन मोटर्स बड़ोखर की ओर से हुआ आयोजन**



प्रधानों के सम्मान समारोह में सम्मानित प्रधानों का दृश्य

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** कोराव के इंद्रपस्थ गेस्ट हाउस में सरस्वती मोटर्स प्रयागराज की ओर से ब्लॉक के सभी ग्राम प्रधानों एवम सदस्य क्षेत्र पंचायत व आम जनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में ब्लॉक प्रमुख कोराव मुकेश कुमार कोल सहित तमाम अधिवक्ता,पत्रकार आम जन शामिल हुए। जिसमे सरस्वती मोटर्स के मालिक जीपी श्रीवास्तव तथा डायरेक्टर अंकित राज ने आए हुए अतिथियों का खैर मकदम किया। साथ ही माल्यार्पण कर सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। प्रोपराइटर श्रीवास्तव ने कहा कि मारुति सुजकी कंपनी का अब पूरा कार्य सरस्वती मोटर्स की ओर से होने लगा है।वाहन मालिकान मेरी फर्म पर वर्कशॉप जा कर वाहन की सर्विस और रिपेयर्स का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा मेरा पूरा प्रयास होगा कि कोराव में भी उक्त कम्पनी का शो रूम तथा वर्कशॉप जल्द खुले। इस लिए औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही हैं। ब्लॉक प्रमुख के हाथों कंपनी के प्रोपराइटर ने अतिथियों का सम्मान पत्र दे कर माल्यार्पण के साथ सम्मानित कराया। तथा उपस्थित पत्रकारों को उपहार भी दिया गया। समारोह में रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के अयोजन भी आयोजित किया गया।



# विधायक बारा ने पुस्तिका हमारे जगदेव राम का किया विमोचन

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** बारा विधायक डा. अजय कुमार ने कहा कि वनवासी समुदाय को कम आंकना, उन्हे कम महत्व देना हमारी सबसे बड़ी भूल है। इस समाज के उत्थान में जितना योगदाम हम सभी का है, उतना ही वनवासी समुदाय का है। शंकरगढ़ ब्लॉक सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में बारा विधायक ने कहा कि यह हम लोगों की गलती थी, जो हमने वनवासी समुदाय को कम आंका। कहा कि वनवासी समुदाय ने अपने धर्म, समाज को कभी नहीं छोड़ा। वह आज भी उससे जुड़े हुए हैं। वनवासी जगदेवराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह वन में चले गए। दुनिया से कटे रहे, पर समाज और देश की सुरक्षा में आगे रहे। हम, महाराणा प्रताप को भी वनवासी कह सकते हैं। विधायक ने कहा कि वनवासी हमारे समाज के अभिन्न अंग हैं। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से संबद्ध सेवा समर्पण संस्थान प्रयागराज द्वारा शंकरगढ़ ब्लाक सभागार में स्व. जगदेव राम के जीवन चरित्र पर आधारित पुस्तिका ह्यहमारे जगदेव रामह्ण का विमोचन बारा विधायक डॉ अजय कुमार ने किया। संस्थान के विमल जी ने प्रकाश डालते हुए बताया कि 1952 में छत्तीसगढ़ से जगदेव राम जी ने इसकी नींव रखी थी। उन्होंने शुरूआत से ही अपने धर्म, संस्कृत और परंपरा को लेकर साथ चले।यही कारवां आज भी जारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामलाल केहरी और संचालन गोविंद त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर शिवराम सिंह परिहार, अवधेश नारायण त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, अंजनी लाल, अखिलेश सिंह, मोहन यादव, सुभाष सिंह, रामबाबू सिंह, डॉ जोगी,विजय राज सिंह, सुजीत केसरवानी, उग्रसेन द्विवेदी, विमल, अनिल, छोटेलाल, शरद, संतोष कुमार, लालता प्रसाद, हजारी लाल,प्रेमा तिवारी, ऊषा देवी, विजय शंकर शुक्ला, मुन्नू, रामसफल ओझा आदि लोग मौजूद रहे।

### पूर्वजों को मोक्ष दिलाने हेतु गया धाम प्रस्थान



**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र के चनेथू पड़ान गाँव निवासी जिलाजीत पांडेय पितृ पक्ष में अपने मुखिया माता पिता एवं पितरों के श्राद्ध हेतु तर्पण पिंडदान के माध्यम से सभी बंशावली पर ध्यानपूर्वक ध्यान केन्द्रित कर अपने अराध्य इष्टदेव एवं पूर्वजों की आत्मा की शांति एवं अपने परिवार की सुख समृद्धि हेतु रविवार को गया प्रस्थान किया।पितरो के श्राद्ध से मोक्ष की प्राप्ति होती है पितृ पक्ष मे ही लोग तर्पण हेतु भरतकूप होते हुए गया मे पिंडदान करते है इस अवसर सभी परिवार खानदान एवं ग्रामवासियों के साथ गाजे बाजे के साथ भ्रमण करते हुए गांव के प्रत्येक घर की सुख शांति हेतु सभी घरों से अक्षत लेते हुए प्रस्थान किया। इस अवसर पर रामसमुझ पांडेय, अशोक पांडेय,कैलाश नाथ पांडेय, आशाराम पांडेय, मुन्ना पांडेय प्रधान, संदीप पांडेय, सतीश पांडेय, आनंद पांडेय, पंकज, अभिषेक, हर्ष, कृष्णा, हर्षित, कार्तिक, कुनाल, निर्विघ्न सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार चनेथू शुक्लान गाँव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक कैलाश नाथ शुक्ला पितृ पक्ष में अपने मुखिया माता पिता एवं पितरों के श्राद्ध हेतु तर्पण पिंडदान के माध्यम से सभी बंशावली पर ध्यानपूर्वक ध्यान केन्द्रित कर अपने अराध्य इष्टदेव एवं पूर्वजों की आत्मा की शांति एवं अपने परिवार की सुख समृद्धि हेतु रविवार को गया प्रस्थान किया।पितरो के श्राद्ध से मोक्ष की प्राप्ति होती है पितृ पक्ष मे ही लोग तर्पण हेतु भरतकूप होते हुए गया मे पिंडदान करते है इस अवसर सभी परिवार खानदान एवं ग्रामवासियों के साथ गाजे बाजे के साथ भ्रमण करते हुए गांव के प्रत्येक घर की सुख शांति हेतु सभी घरों से अक्षत लेते हुए प्रस्थान किया। इस अवसर पर अशोक कुमार शुक्ला, राजित शुक्ला, अभयराज शुक्ला, कृष्णराज शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# समाजवादी प्रबुद्ध सभा के पदाधिकारियों का हुआ मनोनयन

**ब्रह्मण हितैषी रही है समाजवादी पार्टी प्रमोद पयासी**

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** तहसील कोरांव अंतर्गत ग्राम सभा बड़ोखर स्थित संस्कृत महाविद्यालय में समाजवादी पार्टी प्रबुद्ध सभा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज पांडे के आदेशानुसार दिन रविवार को एक आवश्यक बैठक आहूत किया गया जिसमें विभिन्न जनसमस्याओं पर चर्चा के साथ ही साथ प्रबुद्ध सभा के विधानसभा कार्यकारिणी की पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र देकर घोषणा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कोल और ओम सहाय संभावित प्रत्याशी विधानसभा कोरांव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमोद मिश्र पयासी और मेहताब खान नगर अध्यक्ष कोरांव उपस्थित हुए बैठक की अध्यक्षता अवध नारायण पटेल जिला सचिव समाजवादी पार्टी ने किया और संचालन चर्चित किसान नेता समाजवादी पार्टी के जिला सचिव राजेश पांडे ने किया। इस मौके पर सपा नेता प्रमोद मिश्र पयासी ने उपस्थित लोगों का हौसला अफजाई करते हुए कहा की जब जब प्रबुद्ध समाज के लोगो राजनीति में बढ़चढ़ कर भाग लिया तब तब देश और प्रदेश में सत्ता का परिवर्तन हुआ है आने वाले आगामी विधानसभा के चुनाव में समाजवादी सरकार बनना तय है क्युकी प्रबुद्ध समाज के लोगो ने समाजवादी पार्टी को अपना समर्थन दे दिया है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के संभावित प्रत्याशी ओम सहाय ने मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गांव गांव घर घर जाकर समाजवादी सरकार के उपलब्धियां एवं जनेश्वर मिश्रा के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें और समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाएं। नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष विपुल दुबे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की पार्टी ने जो भी जिम्मेदारी दिया है उसका बखूबी निर्वहन करुंगा। बैठक में मुख्य रूप से बद्री प्रसाद शुक्ला जिला उपाध्यक्ष प्रबुद्ध सभा संतोष तिवारी जिला सचिव प्रबुद्ध सभा राकेश शुक्ला मोनू मिश्रा बबलू मिश्रा रामानंद तिवारी रजनीश शुक्ला अजय केशरी उमाशंकर शुक्ला जयशंकर तिवारी विकास मिश्रा सोनू मिश्रा अंकुर मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।



समाजवादी प्रबुद्ध सभा पदाधिकारियों का हुआ मनोनयन

# बेटियां समाज की असली धरोहर अनिल विश्वकर्मा

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** बेटियां समाज की धरोहर होती हैं बिना बेटियों के सभ्य समाज एवम आदर्श राष्ट्र की स्थापना संभव नहीं हैं इसलिए बेटियों को पढ़ाने एवम आगे बढ़ाने की आवश्यकता हैं इतना ही नहीं यदि शिक्षा एवम सम्मान के समान अवसर प्रदान किये तो यही बेटियां किसी बेटों से कम नहीं हैं उक्त बातें बलापुर स्थित श्रीमती कमला स्मारक इंटर कालेज के प्रबंधक अनिल कुमार विश्वकर्मा ने बेटी दिवस के अवसर पर विद्यालय मे आयोजित एक परिचर्चा मे बतौर मे मुख्य अतिथि बोल रहें थे इस अवसर श्री विश्वकर्मा यह भी बोले कि प्राचीन समय से लेकर अद्यतन कोई भी क्षेत्र रहा हों बेटियों ने सभी क्षेत्रों मे परिवार एवम राष्ट्र को गौरवान्वित किया हैं इसलिए बेटियाँ ही समाज की असली कर्णधार हैं इस अवसर प्रबंधक श्री अनिल ने भी जानकारी प्रदान करते हुए बोले बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए विद्यालय मे अनेकों कार्यक्रम सदैव से आयोजित होते रहें हैं इसके साथ प्रत्येक वर्ष गरीब एवम मेधावी 31बेटियों को गोद लेकर शिक्षा का सम्पूर्ण प्रबंध किया जाता रहा हैं वर्तमान समय मे बड़े पैमाने पर विद्यालय की बेटियां देश की सेवा मे अपना योगदान कर रहीं हैं जों हम सभी के लिए बहुत ही गौरवान्वित पल हैं।। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अलका विश्वकर्मा ने भी अनेकों रोचक तथ्यों के माध्यम से बेटियों के उपयोगिता प्रकाश ड़ालते हुए बेटियों को पढ़ाने एवम आगे बढ़ाने का संकल्प लेने के लिए समाज से आग्रह भी करते हुए यह भी बोली बिन बेटी सब सून इसीलिए बेटियों को आगे बढ़ाने एवम उचित पोषण की आवश्यकता हैं। अचलेन्द्र प्रताप सिंह, पवन विश्वकर्मा, रेनू भारती आदि शिक्षक एवम शिक्षिकाएं उपस्थित रही।



बेटी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में उपस्थिति बेटियां

### बेटी दिवस पर बेटियों को पौधा भेंट करते युवा समाजसेवी एवम शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल

**जसरा।** बेटी समाज एवम राष्ट्र दोनों के लिए वरदान होती हैं बिना बेटियों के सभ्य समाज की कल्पना करना असम्भव हैं। बेटियां आगे चलकर पत्नी,बहू,माँ समेत अनेकों रिश्तों के दायित्यो का बखूबी निर्वहन करते हुए दो परिवारों को एक करने का कार्य करती हैं इसलिए बेटियों की महत्ता को किसी भी शब्दों मे बयां करना संभव नहीं हैं उक्त बातें इलाहाबाद विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र के शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल ने बेटी की महत्ता को लेकर जसरा क्षेत्र के अनेकों गावों मे भ्रमण कर ग्रामीणों को जागरूक भी किये। इस अवसर पर श्री पटेल ने बेटियों को अनेकों पुष्प एवम फलदार पौधे भेंट करते हुए यह भी बोले कि पेड़ एवम बेटी दोनों समाज एवम राष्ट्र के आवश्यक हैं इसलिए बेटी एवम पेड़ को समाज के संरक्षण की आवश्यकता हैं। एक प्रश्न के जवाब मे श्री पटेल ने यह भी अभी अनेकों वर्षों की भांति इस वर्ष भी सिविल सेवाओं मे बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवातें हुए समाज एवम परिवार को गौरवान्वित की हैं।



बेटी को पौधा भेंट करते

## न्यूज झरोखा

### सम्मानित होने पर सरदार पतविंदर सिंह का नैनी पहुंचने पर समाज ने किया भव्य स्वागत



**नैनी / करछना।** गुरु तेग बहादुर जी के 400वे प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य पर आयोजित लाइट,साउंड (लेजर शो) द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी की जीवनी,शहादत कार्यक्रम उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के प्रांगण में हुआ जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के निर्देशक प्रोफेसर सुरेश शर्मा व अध्यक्षता कर रहे उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह छाबड़ा ने संयुक्त रुप से प्रयागराज के प्रतिष्ठित समाजसेवी व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष,मंडल प्रभारी सरदार पतविंदर सिंह को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह देकर
सम्मानितकिया' सम्मानित होने पर नैनी पहुंचने पर सिख समाज ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया संगत ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में सरदार पतविंदर सिंह ने कई कीर्तिमान बना चुके हैं बराबर सामाजिक कार्य में लगे रहते हैं हम सब को गर्व है यमुनापार की आन मान शान हैं स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से जी एस चावला, चरणजीत सिंह,हरजीत सिंह ढींगरा, सुरेंद्र सिंह,हनी सिंह,परविंदर सिंह बंटी, हरमन जी सिंह, दलजीत कौर रहे।

### करछना पुलिस ने 7 वांछितों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**करछना।** पुलिस ने एक साथ साथ वांछित अभियुक्तों को अलग-अलग जगहों से हिरासत में लेकर भेजा जेल। श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक निरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार करछना थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह भीरपुर चौकी प्रभारी शिवांशु पांडे उप निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह ने टीम गठित कर करछना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से सात वांछित अभियुक्त सूबेदार पुत्र भुवर सिंह, बुलबुल पुत्र भुवर सिंह, केशव प्रसाद पुत्र बच्चू नाथ, उमाशंकर पटेल पुत्र सिपाही लाल, संदीप कुमार पटेल पुत्र गया प्रसाद पटेल, मंगल पांडे पुत्र नचकऊ, सुभाष चंद्र पांडे पुत्र कमलाकांत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### गरीबों के साथ गलत बर्दास्त नही करूंगा : सुधांशु मिश्रा



**जसरा।** आज प्रयाग संगम सेवा संस्थान जसरा कार्यालय में पदाधिकारियों की हुई बैठक, जिसमे जन हित से सम्बंधित बाते हुई और जरुरतमंदो की किस प्रकार से मदद हो सकें इस पर विचार किया गया,सरकारी सुविधाओं को पात्र और जरुरतमंदो तक पहुंचाया जा सकें और शिक्षा के छेत्र में लगातार पहल करने की बात कही गई, जिसमे कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव श्री अजीत त्रिपाठी जी के द्वारा की गयी, आये हुए सभी पदाधिकारियों का प्रयाग संगम सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुधांशु मिश्र ने आभार व्यक्त किया, मौजूद रहे पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष राम जी त्रिपाठी,महामंत्री रावेन्द्र तिवारी,आलोक पाठक, योगेश यादव, शिवम् द्विवेदी, शांतनु मिश्र, मोहित मिश्र, पंचम पटेल प्रधान, शौरभ प्रताप सिंह, ऋषि केशरवानी,राम नरेश कुशवाहा, फूलचंद पटेल, हर्षदीप मिश्र, विकास सिंह पटेल, शिव बाबू, सूरज सोनी, अनुराग द्विवेदी,अविनाश त्रिपाठी, अभिषेक शुक्ला,आदर्श त्रिपाठी आदि पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### टायर दगने से अनियंत्रित होकर पलटी टैंकर चालक खलासी सुरक्षित



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के सौरा जलालपुर हाईवे पर रविवार सुबह तेज रफ्तार जा रही टैंकर का अगला टायर दगने से अनियंत्रित होकर पलट गई। वही टैंकर पलटने की तेज आवाज सुन क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीण इकट्ठा हुए। चालक ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा लगभग सैकड़ो लीटर तेल उठा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को खदेड़ा। राजकोट गुजरात से बंगाल के लिए जा रही तेल लादकर टैंकर जैसे ही रविवार सुबह लगभग 7:00 के करीब सवरा जलालपुर हाईवे पर पहुंचा कि अचानक टैंकर का अगला टायर दग जाने से अनियंत्रित हो गई। चालक बहुत ही चालाकी के साथ टैंकर को हाईवे के बीच में लगी रेलिंग को तोड़ते हुए पलटा दिया।हादसे में चालक हरि ओम पुत्र बृजेश कुमार शर्मा व खलासी गोलू यादव पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी गढ़ प्रेमनगर औरैया सुरक्षित रहे। वही तेज आवाज सुन क्षेत्र के जलालपुर सांवरा बलीपुर फिरोजपुर भरहरी आदि दर्जनों गांव के लोग पहुंच कर तेल लूटने लगे। चालक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को दूर खदेरा। फिर हाल उठा ले जाने की खबर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

### विधायक उज्जवल रमण ने किया प्रतापपुर रोड का उदघाटन



**करछना।** के अंतर्गत ग्राम सभा चंदौली प्रतापपुर में करछना विधायक उज्जवल रमण के द्वारा चंदौली प्रतापपुर में सड़क का उद्घाटन का कार्य किया गया और गांव के प्रधान व बी. डी. सी. और वहा के बुडे - बुजुर्गों ने और गांव की जनता ने बहुत ही सुंदर तरीके से फूलों का माला पहनाकर विधायक का स्वागत किया गया! इस बीच ने विधायक गांव की जनता की समस्या भी सुनी और गांव के लोगों को रोजगार देने की बात कही इस मौके पर नंदलाल यादव सेक्टर प्रभारी, डॉक्टर पप्पू यादव(विधानसभा सचिव) , अमिताभ पांडेय, त्रिभुवन नाथ पटेल, देवानंद यादव, बृज कुमार यादव, जिलाजीत यादव, देवनारायण, सर्वेश कुमार, अजय कुमार यादव, राहुल कुमार यादव सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप

### ब्यक्ति और समाज को उत्तम बनाने हेतु योग जरूरी : योग गुरु

**हड़िया।** हड़िया क्षेत्र के लक्षागह में स्थिति भगेडू प्रसाद पाल शिक्षण संस्थान मे आयोजित समाजवादी योग चौपाल मे पधारे योग गुरू आचार्य अजय कुमार पाठक ने अपने संदेश मे बताया कि.. आज समसामयिक परिवेश मे ब्यक्ति को शारिरीक या मानसिक स्वस्थता हेतु योग आवश्यक ही नहीं बल्कि अनिवार्य होना चाहिए। समाजवादी योग चौपाल के आयोजक- युवा नेता शिवम चतुर्वेदी ने संवोधन मे कहाँ कि देश,प्रदेश मे योग और आयुर्वेद चिकित्सा को बढावा दिया जाना चाहिए प्रवुद्धसभा के जिला महासचिव अन्कित शुक्ला ने आभार ज्ञापित किया चौपाल मे उपस्थित सतीश तिवारी, आर.बी पाल,मनोज पाण्डेय,अनिल मिश्रा आशीष दूबे पप्पू यादव नन्द लाल शास्त्री अजय शुक्ला समेत सभी लोगो ने योग चौपाल की सराहना की।

### पांच दिवसीय प्रयागराज लोक महोंत्सव का आयोजन

**करछना।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से वसेरा द्वारा पांच दिवसीय प्रयागराज लोंक महोंत्सव का आयोजन करछना के गधियाव गांव ग्राम सभा स्थित सरस्वती बाल मंदिर में 28 सितंबर 2021 से 2 अक्टूबर2021 तक 2 बजे से 4 बजे तक होगा। यह जानकारी मंच संचालक लोक गायक कलाकार कवि वेदानन्द वेद ने दी।

# महंत की मौत के दिन बंद थे बाघबंरी गद्दी मठ के सभी कैमरे

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बाघंबरी गद्दी मठ के आगंतुक कक्ष में अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की मौत का राज हमेशा हर किसी के लिए राज ही बनकर रह जाए, इसके लिए हर कदम पर सबूत मिटाने की कोशिश की गई। इस सनसनीखेज घटना को लेकर चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। कहा जा रहा है कि इस रहस्यमय मौत की बिसात के पीछे मठ में लगे एचडी कैमरे भी हैं, जो घटना वाले दिन बंद हो गए थे ।

ऐसे में अपने पहली मंजिल के विश्रामकक्ष से उस प्रतीक्षालय तक महंत कब और कैसे पहुंचे ' क्या उस कमरे में पहले से कोई मौजूद था ' या फिर उनके आने के बाद कोई वहां दाखिल हुआ? ऐसे सवालों के जवाब ढूंढ पाना मुश्किल हो गया है। क्योंकि, मठ के प्रवेश द्वार से लेकर उस कक्ष तक लगे कैमरों में इस घटनाक्रम से जुड़ी कोई रिकार्डिंग मौजूद नहीं है। इस वजह से सीबीआई के लिए महंत की मौत का सच बाहर लाना अब पत्थर पर दूब उगाने जैसा हो गया है। कैमरों के अचानक बंद होने के पीछे मठ के कुछ साधु बिजली जाने की वजह बता रहे हैं, तो यह भी पता चला है कि इन कैमरों से जुड़ी एक डीवीआर मशीन कुछ दिन पहले ही खराब हो गई थी। तफ्तीश में पता चला कि उस दिन बख्शी बांध उपकेंद्र से जुड़े एसपी मालवीय फीडर पर 12:16 से 12:58 बजे तक कुल 42 मिनट तक बिजली आपूर्ति ठप थी। लेकिन, मठ के संतों, सेवादारों का इसके पीछे बिजली जाने का यह बहाना इसलिए भी नहीं माना जा सकता, क्योंकि वहां 63 केवीए क्षमता का जेनरेटर भी लगा है। इसके अलावा चार किलोवाट का इनवर्टर भी है। ऐसे में फीडर का तार टूटने, शट डाउन लिए जाने से सप्लाई बाधित होने का असर मठ की आपूर्ति पर नहीं पड़ता रहा है। इस पड़ताल में बाघंबरी मठ में लगे कुल 43 में से 15 ऐसे कैमरे घटना के दिन बंद पाए गए, जो महंत के आराम कक्ष से बाहर आने के बाद भूतल पर जहां शव मिला उस कक्ष से लेकर मठ के मुख्य प्रवेश द्वार तक का बड़ा हिस्सा रिकार्ड करते थे। मॉनिटर लगा था महंत के निजी कक्ष में ये सभी कैमरे क्लाउड-9 कंपनी के थे और इनका मॉनीटर कंट्रोल महंत के निजी कक्ष में लगा है। जिसे सीबीआई ने सील कर दिया है। लेकिन, इन कैमरों से जुड़ी डीवीआर मशीन, जिसमें अचानक खराबी आने की बात कही जा रही है, वह महंत के कक्ष के बाहर लगाई गई थी और घटना के बाद आनन-फानन में बाहर भी निकाल दी गई। इस डीवीआर के बैकअप से छेड़छाड़ की भी आशंका है। इन कैमरों का रखरखाव करने वाले हाशिम अली बताते हैं कि गोशाला, स्वामी विचारानंद महाविद्यालय, फव्वारा स्थल से लेकर मठ के मुख्य प्रवेश द्वार तक के क्लाउड-9 कैमरों की डीवीआर हीटिंग की वजह से कुछ दिन पहले ही खराब हो गई थी।इससे इन कैमरों में रिकार्डिंग ठीक से नहीं हो पा रही थी। हाशिम अली का दावा है कि घटना से कुछ दिन पहले ही महंत को इन कैमरों की डीवीआर खराब होने और रिकार्डिंग न आने की जानकारी दी गई थी। इस डीवीआर से आठ से 10 दिन का बैकअप हासिल किया जा सकता है, लेकिन कैमरे कब से और कैसे निष्क्रिय हुए, यह गहरी जांच का विषय बन गया है।


जांच पड़ताल व पूछताछ करती सीबीआईटीम

### आखिरी बार 12:24 बजे सीढ़ियों से उतरे से महंत नरेंद्र गिरि

बाघंबरी मठ की पहली मंजिल पर महंत के कक्ष से लेकर सीढ़ियों तक पर लगे सीडी प्लस के कैमरे सही पाए गए हैं। इन कैमरों में उस दिन महंत के अपने निजी कक्ष से बाहर निकलने की फुटेज मौजूद है। घटना वाले दिन महंत नरेंद्र गिरि दिन के 12:24 बजे अपने कक्ष से निकलकर सीढ़ियों से नीचे उतरते हुए दिखाए दे रहे हैं। इसके बाद वह किधर गए और किससे, कहां मिले, बाहरे के कैमरे बंद होने की वजह से यह सब रहस्य बन गया है।

### महंत को किसी का था इंतजार

**प्रयागराज।** मठ के मुंशी सर्वेश तिवारी उर्फ बब्लू का कहना है कि उस दिन नरेंद्र गिरि महाराज भोजन के बाद अपने ऊपर वाले कक्ष में गए ही नहीं थे। दिन के 11:30 बजे भोजन के लिए मठ की घंटी बजी, इसके बाद वह नीचे आए थे। भोजन के बाद वह आगंतुक कक्ष में किसी मुलाकाती का इंतजार करने चले गए थे। तब उन्होंने वहां मौजूद सेवादारों और चाय-नाश्ते के इंतजाम में रहने वाले कर्मियों को यह जानकारी दी थी, कि कोई उनसे मिलने के लिए आने वाला है। वह कौन था? कब आया और कैसे महंत की जान चली गई, यह सारे सवाल उन्हीं कर्मियों, सेवादारों और विद्यार्थियों के बीच रहस्य बनकर रह गए हैं।

# कोर- आर आर बी आर आर सी को बंद करने के खिलाफ निर्णायक संघर्ष चलाएगी एन एम एस आर

अखंड भारत संदेश


रेलवे, रोजगार और देश बचाने के लिए खड़ा करेगें जनांदोलन : मनोज पाण्डेय

**प्रयागराज।** आज नेशनल मूवमेंट टू सेव रेलवे की एक जरुरी सांगठनिक बैठक प्रयागराज में हुई, बैठक की अध्यक्षता करते हुए नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन के महामंत्री *कामरेड मनोज पाण्डेय ने कहा* कि वर्तमान सरकार के मुखिया देश नही बिकने नही दूँगा का नारा देकर सत्ता में आए और सत्ता में आते ही देश के जनता की सवारी रेलवे सहित की सार्वजनिक क्षेत्र की सभी इकाई, बंदरगाह, एअर पोर्ट, खेती- किसानी, पढ़ाई - दवाई सब कुछ बेचते ही चले जा रहे हैं, जब दुनिया भर में कोरोना का संकट अपने चरम पर था तब यही सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों ने देश हित में अपने जीवन की परवाह किए वगैर कोरोना वैरीयर्स के रूप में काम किया लेकिन वर्तमान सरकार सार्वजनिक क्षेत्र को समाप्त कर सब कुछ अपने पूंजीपति मित्रों को मौद्रिकरण योजना के नाम पर सौप देना चाहती है, आज ऐसा व्यक्ति रेल मंत्री बन गया है, जो पूंजीपतियों के एजेंट के रूम में प्रसिद्धि है,

*कामरेड मनोज ने कहा* कि जब यही सरकार 18 जून 2019 को 100 डे एक्सन प्लान लाई थी तब हम और हमारे संगठन के लोगों ने ही पूरी ताकत के साथ डीएलडब्ल्यू वाराणसी से आंदोलन शुरू करके रायबरेली, कपूरथला, पटियाला, चितरंजन होते हुए 8 दिसम्बर 2019 को मावलंकर हाल, नई दिल्ली में सभी ईमानदारी संघर्षरत संघठनो को एक मंच पर लाकर सरकार के 100 डे एक्शन प्लान को लागू नहीं होने दिया था, ठीक उसी तरह *रेल विधुतीकरण संगठन (कोर), रेलवे भर्ती बोर्ड (आर आर बी) रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ (आर आर सी) को बंद करने के सरकार के निर्णय के खिलाफ छात्रों, बेरोजगार नौजवानों, किसानों, मजदूरों, बुद्धिजीवियों, अधिवक्ता, नागरिक समाज के साथ एकजुटता बनाकर जन आंदोलन खड़ा करके कोर, आर आर बी, आर आर सी को बचाएंगे।

जनांदोलन को अमली रूप देने के लिए 03 अक्टूबर को सार्वजनिक बैठक प्रयागराज में आहूत की गई है जिसमे पत्र व मैसेज द्वारा सभी को आमन्त्रित किया जाएगा । नेशनल मूवमेंट टू सेव रेलवे के राष्ट्रीय प्रचार सचिव *डॉ कमल उसरी ने कहा* रेलवे आम भारतीय की जीवन रेखा है इसे सार्वजनिक क्षेत्र में बनाए रखना जरूरी है, वर्ना निजी क्षेत्र में जाते ही रेलवे आम आदमी की पहुंच से दूर हो जाएंगी, आम नागरिकों को रेलवे से मिलने वाली छूट और सुविधाये जिसमें मुख्य रूप से बेरोजगार नौजवानों को मिलने वाली नौकरी, किसान, सीनियर सिटीजन, विकलांग, बीमार व्यक्तियों, एस सी /एस टी ओबीसी को नौकरी में आरक्षण, खिलाड़ी, पत्रकार, पुरस्कार प्राप्त विजेता इत्यादि को मिलने वाली सब सुविधाएं समाप्त हो जाएंगी। बैठक में छात्र, नौजवान, किसान, नागरिक समाज, अधिवक्ता और मजदूर इत्यादि संगठन के प्रतिनिधि शामिल रहे थे।

# प्रवक्ता भर्ती परीक्षा : सामान्य अध्ययन के कठिन सवालों ने उलझाया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रवक्ता राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज (प्रारंभिक) परीक्षा-2021 में आधे से अधिक अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रयागराज और लखनऊ के 92 केंद्रों में आयोजित प्रारंभिक परीक्षा में अभ्यर्थियों की उपस्थिति 48.55 फीसदी रही। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के अनुसार पेपर संतुलित और स्तरीय रहा। सामान्य अध्यन के सवाल कुछ कठिन थे, लेकिन अभ्यर्थियों को अपने विषयों से पूछे गए सवालों ने काफी राहत दी। प्रवक्ता भर्ती के लिए पहली बार लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। इससे पूर्व सीधे इंटरव्यू के आधार पर भर्ती होती थी। प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा देनी होगी और मुख्य परीक्षा के आधार पर अंतिम चयन परिणाम जारी किया जाएगा। चार विषयों में प्रवक्ता के 124 पदों पर भर्ती के लिए प्रारंभिक परीक्षा रविवार को सुबह 11 से दोपहर एक बजे की पाली में आयोजित की गई। प्रयागराज में रसायन विज्ञान और गणित विषय के 21844 अभ्यर्थियों के लिए 47 केंद्र और लखनऊ में भौतिक विज्ञान एवं जीव विज्ञान विषय के 21070 अभ्यर्थियों के लिए 45 केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा के लिए पंजीकृत कुल 42914 अभ्यर्थियों में से 20833 परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रारंभिक परीक्षा में सामान्य अध्ययन/वैकल्पिक विषय का एक प्रश्नपत्र था, जिसमें वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय सवाल थे। कुल 300 अंकों के 120 प्रशभन पूछे गए, जिनमें वैकल्पिक विषय के 80 और सामान्य अध्ययन के 40 प्रशभन शामिल थे। परीक्षा अवधि दो घंटे की थी। इसके अलावा परीक्षा में माइनस मार्किंग भी थी, सो अभ्यर्थियों को काफी संभलकर जवाब देना पड़ा। अभ्यर्थियों का कहना है कि कुल मिलाकर पेपर संतुलित था और कठिनाई का स्तर न्यूनतम था। सामान्य अध्ययन के कुछ सवालों ने उलझाया, लेकिन विषयों से पूछे गए सवालों ने संतुलन बनाए रखा।


प्रवक्ता भर्ती परीक्षा देकर केन्द्र से वापस निकलते परीक्षार्थी

### सीबीआई ने दोहराया घटना वाले दिन का सीन, पंखे से लटकाया रुई भरा 85 किलो वजन का लोहे का बाट

**प्रयागराज।** महंत नरेंद्र गिरी खुदकुशी कांड की जांच कर रही सीबीआई ने शुक्रवार को मठ में क्राइम सीन रीक्रिएट किया। रुई से भरे बोरे में 85 किलो के बटखरों को रखकर पंखे से लटकाया गया। फिर सेवादारों से रस्सी काटकर बोरा उतरवाया गया। पूरे क्राइम सीन की वीडियोग्राफी भी की गई। इस दौरान उन पुलिसकर्मियों को भी बुलाया गया था जो घटना के बाद सबसे पहले पहुंचे थे। उनसे भी पूछताछ की गई। सीबीआई ने क्राइम सीन रीक्रिएट करने के लिए सेवादार सुमित तिवारी, सर्वेश द्विवेदी और धनंजय के साथ उन सभी को बुलाया गया था जो घटना वाले दिन महंत के आस पास थे। रुई से भरे बोरे में 20-20 किलो के चार और पांच किलो का एक बटखरा रखा गया। इसके बाद गेस्ट हाउस के उसी कमरे और पंखे से बोरे को नायलान की रस्सी से लटका दिया गया। सेवादारों को पहले सब कुछ समझा दिया गया था कि जो भी घटना वाले दिन हुआ था, उसे हूबहू दोहराना है।

### सेवादार से धक्का देकर सीबीआई ने तोड़वाई सिटकनी

सीबीआई ने उस दिन किस तरह सेवादार को व्यवहार के साथ दोबारा दरवाजे को तोड़ने को कहा तथा 20 सितंबर की शाम को सर्वेश ने नरेंद्र गिरि को फोन किया था। जब फोन बंद मिला तो सुमित और धनंजय उन्हें बुलाने गए थे। यहीं से क्राइम सीन की शुरूआत हुई। जब दरवाजा नहीं खुला तो सुमित और सर्वेश ने धक्का देकर सिटकनी तोड़ी। फिर वे धनंजय के साथ कमरे में गए। वहां रस्सी काटकर बोरे को नीचे जमीन पर रखा गया। इसके बाद उन लोगों ने जिन जिन लोगों को मोबाइल से घटना की जानकारी दी थी।उन सबको फोन कराए गए। जो बात उस दिन कहा था उसे ही दोहराने को कहा गया। सीबीआई ने पूरे क्राइम सीन की वीडियोग्राफी भी कराई गई। इसके साथ ही सीबीआई के साथ आए फोरेंसिक और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट भी इस पूरे वाकये पर नजर बनाए हुए थे। घटना के बाद जो जो लोग कमरे में पहुंचे थे, उन्हें भी बुलाया गया। घटना के बाद सबसे पहले आने वाले पुलिस वालों से भी पूछताछ की गई। मामले को हाथ में लेने के बाद सीबीआई ने पूछताछ का दायरा भी बढ़ा दिया।

# दुष्कर्म के आरोपी प्रतापगढ़ के आपूर्ति निरीक्षक को 10 साल की कैद

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अपर सत्र न्यायालय फास्ट ट्रैक कोर्ट ने तीन साल पहले हुए बलात्कार के मामले में आरोपी को 10 साल की कैद और एक लाख, पांच हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ने की रकम अदा न करने पर दोषी को छह महीने की कैद और काटनी पड़ेगी। कोर्ट ने जुमार्ने की रकम में 80 हजार रुपये पीड़िता को बतौर हजार्ना देने का आदेश दिया है।मामला जार्जटाउन थाने का है। पीड़िता फिटनेस सेंटर का संचालन कर रही थी। उसका आरोप है कि प्रतापगढ़ में आपूर्ति निरीक्षक के पद पर तैनात प्रदीप सिंह एक दिन उसके पास आया और ट्रेनिंग सेंटर ज्वाइन करने की बात कही। फिर वह लगातार ट्रेनिंग सेंटर आने लगा और अकेले में बात करने का दबाव बनाने लगा। उसने चेतावनी दी तो आरोपी ने माफी मांग ली। उसके बाद आरोपी ने कहा कि उसके घरवाले उसकी शादी करना चाहते हैं।मां बीमार हैं, महिला होने के नाते वह चलकर घरवालों को समझा दें लेकिन पीड़िता ने मना कर दिया। आरोपी के बहुत कहने सुनने पर पीड़िता उसके घर गई तो देखा की मां नहीं है। तब आरोपी ने जबरन उसके साथ बलात्कार किया। वीडियो क्लिप दिखाकर डरा-धमकाकर कई बार ऐसा किया। इस दौरान वह गर्भवती हो गई। आरोपी पीड़िता पर गर्भपात कराने का दबाव बनाया। पीड़िता के न मानने पर उसे मारा-पीटा।इस पर पीड़िता ने 2018 में आरोपी प्रदीप के खिलाफ जार्जटाउन थाने में आईपीसी की धारा 376, 323 और 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज करा दी। शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि मामले में सहायक शासकीय अधिवक्ता मृत्युंजय त्रिपाठी ने पैरवी की। जिसके बाद अपर सत्र न्यायालय फास्ट ट्रैक कोर्ट ने आरोपी को 10 साल की कैद और एक लाख, पांच हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर विधायक ने कार्यों का दिया लेखा-जोखा

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड** शनिवार को लखनपुर आवास पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती समारोह के अवसर पर विधायक नीलम करवरिया ने प्रेस वार्ता में अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। कहां की राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन हो या राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, अंत्योदय अन्न योजना अंत्योदय मुफ्त राशन योजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय विद्युतीकरण योजना दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना बहुत सी अन्य योजनाएं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना के अंतर्गत देश व प्रदेश में क्रियान्वित हो रही हैं। हर योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिला है। विधायक ने बताया कि मेजा विधानसभा में 436 हैंडपंप लगाए गए हैं 57 वाटर कूलर के अलावा 61 नई योजनाओं को लागू कराया गया है।



अब तक मेरे प्रस्ताव पर विधायक निधि और शासन द्वारा 311 मार्गों का निर्माण मरम्मती करण का कार्य तथा सिंहपुर, कोना ,भटौती, धरावल, सुकाठ, भसुंदर, बरसैता आदि ग्राम पंचायतों में विद्युत व्यवस्था ठीक कराने एक 33/11 विद्युत उपकेंद्र का प्रस्ताव पास कराकर ग्राम पंचायत धरावल में उपकेंद्र के अधिष्ठापन हेतु जमीन का चिन्हांकन कराया जा चुका है। तमाम ऐसी योजना है जो ग्रामीणों को मिल रही। आगे कहा कि मेजा विधानसभा में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ कार्य कराया गया है। पंडित दीनदयाल जी का सपना था कि कतार में खड़े सबसे अंतिम व्यक्ति को योजना का लाभ मिले इसके लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दीनदयाल के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# राजनीतिक दलों ने चुनाव की बनाई रणनीति

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। इस कड़ी में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अपनी चुनावी रणनीति तय करने के लिए रविवार को मेजा विधानसभा के औंता में बूथ से जुडे कार्यकताओं की बैठक बुलाई गयी। बैठक में पार्टी नेता मुख्य अतिथि टीएल जैसल ने बूथ जीतने की रणनीति पर चर्चा की उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर पार्टी की युवा टीम खड़ी करके कार्यकर्ता चुनावी तैयारियों में अभी से जुट जाएं। विशिष्ट अतिथि रहे चांद मोहम्मद उर्फ चंदू भैया ने कहा कि कार्यकर्ता गांव के प्रत्येक बस्ती में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए उनके सुशासन से परिचित कराएं। इस दौरान बैठक में धीरेन्द्र राव,विनोद कुमार सोनकर सेक्टर अध्यक्ष, अंकित मिश्रा, दूधनाथ विश्वकर्मा, सभा तिवारी, सबल तिवारी, लालबाबू तिवारी, लालाराम, लाल साहब, चंद्रकांत मिथिलेश कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।



बसपा ने चुनावी रणनीति तय करने के लिए औंता में बुलाई बैठक

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतापगढ़ घटना को लिया संज्ञान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता से अभद्रता व मारपीट के मामले में अधिकारियों व भाजपा कार्यकताओं से की बातचीत तथा आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही एवं गिरफ्तारी भी होगी ' आपको बताते चलें कि शनिवार को सरकारी कार्यक्रम के तहत प्रतापगढ़ सांसद ने कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे ही थे कि पहले से मौजूद कांग्रेसियों ने भाजपा कार्यकताओं से अभद्रता करने लगे जिसमें भाजपा व कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए तथा हाथापाई का नौबत भी आ गया , जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब तेजी से वायरल होने लगा ' इसी क्रम में प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता व सांसद प्रतिनिधि, पूर्व सदस्य जिला पंचायत सुधीर कुमार साहू बउआ तथा सुरेंद्र चौधरी जी के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से शिष्टाचार मुलाकात कर प्रतापगढ़ के सांगीपुर ब्लाक की घटना की संपूर्ण जानकारी से अवगत भी कराया।


उपमुख्यमंत्री से मिलते प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता व उनके प्रतिनिधि

# यूपी चुनाव जीते तो बिजली मुफ्त, बकाया माफ : ज्योति

**हंडिया।** आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष ज्योति चतुर्वेदी ने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश में उनकी सरकार बनती है तो वो 300 यूनिट बिजली सभी घरेलू उपभोक्ताओं को मुफ्त देंगे, बकाया बिल माफ करेंगे और 24 घंटे बिजली मुहैया कराएंगे। उक्त बातें हंड़िया कस्बे में आयोजित आम आदमी पार्टी के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा। उन्होंने ने आरोप लगाया कि यूपी में बिजली इतनी महंगी है कि लोगों को बिल चुकाने में मुश्किलें आ रही हैं। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार ने 38 लाख परिवार ऐसे हैं जिनके घर में योगी सरकार ने महंगे बिल भेज रखे हैं और योगी सरकार उन्हें अपराधी मान रही है। आम आदमी पार्टी की सरकार आते ही ये बिल फाड़ कर फेंक दीजिएगा, सभी का बिजली बिल माफ होगा ' ज्योति चतुर्वेदी ने कहा कि दिल्ली, जहां बिजली दूसरे राज्यों से खरीद कर पहुंचाई जाती है, वहां चौबीसों घंटे बिजली रहती है तो यूपी जहां बिजली उत्पादन होता है, वहां ये मुमकिन क्यों नहीं है। आम आदमी पार्टी के नेता विशाल यादव अमित यादव राहुल यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार आम लोगों के साथ-साथ खास लोगों का भी ध्यान रखती है भले ही व स्वास्थ्य का मामला हो अथवा अन्य मामले हो स्वास्थ्य के मामले में कोविड-19 से मामलों को नियंत्रण करने में जहां समय से सफलता हासिल की वहीं दूसरी ओर मोहल्ला क्लीनिक बनाकर लोगों को स्वास्थ्य लाभ दे रही है अगर उत्तर प्रदेश में आम आदमी की सरकार बनी तो समान समस्याओं का निदान हो जाएगा। उधर आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अध्यक्ष ने एक वार्ता में बताया कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार रेलवे और बीएसएनल बेच रही है। युवा बेरोजगार टहल रहे हैं। ऐसे में लोगों के सामने रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो रही है । अगर उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार प्रदेश का कायाकल्प होगा और विकास की गंगा बहेगी। किसकी सरकार बनेगी या तो जनता ही तय करेगी। लेकिन बात कटू सत्य है कि प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो गरीबों मजदूरों किसानों नौजवानों इस समस्या का समाधान होगा। जिसका ज्वलंत उदाहरण दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा कराए गए कार्य का मूल्यांकन करा कर किया जा सकता है।

# मसनी गांव में किया गया मां-बेटी का अंतिम संस्कार

### गांव वालों के चेहरे पर दिखा गुस्सा, पुलिस से लगाई इंसाफ की गुहार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मसनी गांव में मां बेटी की नृशंस हत्या के तीसरे दिन प्रशासन के काफी मान मनोबल के बाद अंतिम संस्कार रसूलाबाद घाट पर कर किया गया। शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के जगदीशपुर मसनी गोडवा गांव में बरामदे में सो रही राधिका आकर उसकी बेटी संजू की कातिलों ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दिया था। मृतका का पति पूना शहर में कमाने गया था। खबर मिलने पर वह घर पहुंच। जबकि मृतका के ससुर ने बहू के साथ दुष्कर्म कर हत्या किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम में मिले नमूने को सुरक्षित कर जांच के लिए भेजा गया है। वही महिला की चारपाई पर मिले मोबाइल को कब्जे में लेते हुए कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस कातिलों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। बता दें कि घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर हंगामा करते हुए कातिलों को पकड़ने के साथ मुआवजा दिए जाने की मांग की। शनिवार की सायकाल मां बेटी का शव गांव पहुंचने पर परिजन फिर हंगामा करने । जिससे अंतिम संस्कार नहीं हो सका। रविवार की सुबह विधायक विक्रमादित्य मौर्य उप जिलाधिकारी सोरांव अनिल चतुर्वेदी व पूर्व मंत्री बसपा नेता बाबूलाल भंवरा की उपस्थिति में पीड़ित परिजन को पांच लाख की आर्थिक सहायता का चेक देने के बाद अंतिम संस्कार किया गया।

### पीड़ित परिजनों से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

मसनी ग्राम में दोहरे हत्याकांड को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह के नेतृत्व में पीड़ित परिजनों से मिला और ढांढस बंधाया। इस दौरान उत्तर प्रदेश एससी एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक राम सजीवन निर्मल, प्रदेश सचिव वसीम अंसारी, पीसीसी सदस्य आशीष पांडे, शहर अध्यक्ष नफीस अनवर, पार्षद तस्लीमुद्दीन, राजेश, राकेश, आरके गौतम, एसएस सुमन, अभय राज सरोज, परमेश्वर, युवा कांग्रेस गंगापार के जिलाध्यक्ष जैगम फारूकी, महासचिव विनय शुक्ला, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष नंदू पासी, प्रदीप शुक्ला, संदीप तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रतापगढ़ संदेश

## डॉटर्स डेः अनाथ बेटियों को मिला प्यार, दुलार

### बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने दिया बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश

### जरूरतमंद बेटियों को खुशियां देकर ग्रुप ने की अनूठी पहल

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** इस भागती दुनिया में जब लोगों को अपने बच्चों के साथ बैठने की फुर्सत नहीं मिल पाती है। ऐसे में दूसरों के लिए किसके पास टाइम होगा। ऐसे में रविवार को वर्ल्ड डॉटर्स-डे(बेटी दिवस) बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने समाज के अनाथ और ज़रूरतमंद बेटियों को साथ मनाकर। इन बेटियों को खुशियां देकर बिटिया दिवस को सार्थक बनाने की अनूठी पहल की है।

ऐसे ही बच्चे पढ़ लिखकर कुछ बन जाएं। देश का नाम रोशन करें। यह सोचकर बीबीएफजी इनकी शिक्षा में सहयोग कर रहा है। इसके अलावा त्योहार और इस तरह के मौकों पर उनके साथ खुशियां बांटने से नहीं चूकता है। इसी कड़ी में रविवार को बेटी दिवस का दिन ग्रुप ने बिन माता पिता की बेटियों के साथ मिलकर मनाया। उनके साथ खुशियां बांटी। जगेसरगंज के हतसारा गांव में अनाथ हुई बहनों ज्योति खुशी यादव और उनके तीन भाई को ऐसी ही खुशी मिली। जब ग्रुप उनके लिए कॉपी, किताब, चॉकलेट और ढेर सारी चीजें लेकर पहुंचा। इसी तरह भंगवा गांव में भी बेटियों संग दिवस मनाया गया। फाउंडर राजेश कुमार ने कहा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर आज सभी को अमल करने की जरूरत है। हमें बेटियों पर नाज होना चाहिए। इन्हें बेटों से कम न समझा जाय। संरक्षक सरजू यादव और शनि सरोज ने कहा बच्चा बैंक का बच्चों के प्रति किया जा रहा कार्य सराहनीय है। समाज में सीख दे रहा है।

### स्टे आदेश के बावजूद भी गिरा दिया कच्चा मकान

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के बाभनपुर गांव में कुछ दबंग आबादी की जमीन पर जबरन कब्जा करने की नीयत से कच्चा मकान धराशायी कर दिया। पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत आसपुर देवसरा पुलिस से की है। बाभनपुर गांव के रहने वाले कमलेश कुमार वर्मा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी आबादी की जमीन जिस पर उसका कच्चा मकान व छप्पर बना हुआ है जिस पर पड़ोसी से विवाद है और जिसका मामला अदालत में विचाराधीन है और स्थगन आदेश है। पीड़ित कमलेश ने बताया कि आरोपी दबंग व सरहंग किस्म का है। पैसे के बल पर वह उक्त जमीन पर कब्जा करना चाहता है। बांस की कोठ व पेड़ काटकर जबरन कब्जा कर ले गए। पीड़ित के मना करने पर गाली गलौज जान से मारने की धमकी बार-बार देता है। पीड़ित ने मामले की शिकायत आसपुर देवसरा पुलिस से करके जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## किसान का बेटा बना आईएएस

### तिवारी महमदपुर गांव में जश्न का माहौल

**अखंड भारत संदेश**

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के तिवारी महमदपुर गांव निवासी चिंतामणि द्विवेदी का बेटा विपिन द्विवेदी ने 2019 में पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण करके अलीगढ़ जनपद के सदर तहसील में विपिन द्विवेदी उप जिला अधिकारी बन गए किंतु उनका सपना रहा कि आईएएस बनकर देश की सेवा करूंगा। उप जिलाधिकारी पद पर कार्य करते हुए अपनी तैयारी करते रहे 2020 की परीक्षा का परिणाम आते ही आईएएस मे चयन हो गया। चयन की सूचना मिलते ही गांव मे खुशी की लहर दौड़ गई।

रविवार की सुबह दस बजे अलीगढ़ से सीधे कमासिन बाजार पहुंचने पर कमासिन के लोगों ने चंद्रमौलि शुक्ला पूर्व प्रधान के नेतृत्व में जमकर स्वागत किया। इसके बाद सीधे विपिन द्विवेदी अपने घर पहुंचे घर पहुंच कर पिता चिंतामणि द्विवेदी व मां उषा देवी से आशीर्वाद प्राप्त किया। पिता चिंतामणि द्विवेदी ने कहा कि माँ कामाक्षी एवं हनुमान जी की कृपा से आज मेरा बेटा आईएएस बन गया है। जो हमारे लिए ही नहीं जनपद प्रतापगढ़ के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर अमेठी मजिस्ट्रेट ऋतुरानी भी आईएएस के सम्मान समारोह में मौजूद रहीं। इस मौके पर राजमणि दुबे इंद्रमणि राजकुमार सौरभ दुबे प्रदीप रमेश सर्वेश शुभम सचिन रोहित योगेश मोहित सूर्यमणि शुक्ला आनंद शुक्ला लालमणि दुबे हरीश नारायण शुक्ला राम राज तिवारी वैज्ञानिक हरिशंकर सिंह राकेश दुबे राजकमल यादव राजेंद्र यादव विजय यादव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## कृषक धान में लगने वाले सामयिक कीट व रोग से फसल को बचाएं

### जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने दिये टिप्स

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी डा0 अश्विनी कुमार सिंह ने कृषक भाईयों से कहा है कि जनपद में वर्षा एवं तापमान में उतार चढ़ाव के कारण धान में लगने वाले सामयिक कीट व रोग से धान फसल को बचायें। उन्होने धान में लगने वाले मिथ्या कण्डुआ रोग के बारे में बताया है यह फफूँद जनित रोग, इस रोग के प्रकोप के पश्चात् धान के दाने पीले और काले रंग के आवरण से ढक जाते है जिनको हाथ से छूने पर हाथ में पीले काले अथवा हरे रंग के पाउडर जैसे रोग के स्पोर लग जाते है। इसके बचाव के लिये उन्होने बताया है कि स्यूडोमोनास फ्लोरियसेंस 5 ग्राम प्रति लीटर की दर से 15-20 दिन के अन्तराल पर सुरक्षात्मक छिड़काव करें। रोग के कारण दिखाई देने पर कापर हाइड्राक्साइड पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिये। धान की फसल में झोका रोग के बारे में बताया है कि इस रोग में पत्तियों पर ऑख की आकृति के धब्बे बनते है जो मध्य में राख के रंग के तथा किनारे पर गहरे कत्थे रंग के होते है। पत्तियों के अतिरिक्त वालियों डंठलों पुष्प शाखाओं एवं गाठों पर काले भूरे धब्बे बनते है। इसके बचाव हेतु किसान भाई नाइट्रोजन युक्त उर्वरक का संस्तुत प्रयोग करें, इस रोग के नियंत्रण हेतु इडीफेनफॉश अथवा मैंकोजेब निर्धारित मात्रा में घोलकर छिड़काव करें। इसी प्रकार भूरा भुदका रोग के बारे में बताया है कि यह भूरे रंग का कीट है जो धान के पौधे के तने के रस चूसता है जिसके फलस्वरूप पौधा भूरा होने लगता है अन्ततः सूख जाता है। इसके बचाव हेतु अत्यधिक नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों का प्रयोग करें, यथासम्भव जल निकास करायें, इस कीट के प्राकृतिक शत्रु जैसे मकड़ी, लाइकोसा स्यूडोएनुलेटा एवं अर्गाओं स्पेसीज को संरक्षण देना चाहिये।

## स्वरोजगार के लिये शहरी गरीबों को मिलेगा 2 लाख का ऋण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया है कि नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ सीमान्तर्गत निवासित शहरी गरीबों को दीनदयाल अन्त्योदय-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वरोजगार कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत शहरी बेरोजगारों जिनकी वार्षिक आय रूपये एक लाख से कम हो उन्हें स्वरोजगार करने हेतु रूपये 2 लाख तक ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदान किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा प्रतापगढ़ से निःशुल्क ऋण आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है एवं तीन अक्टूबर 2021 तक डूडा कार्यालय में ऋण आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड आदि जमा कर सकते हैं।

## जानवर के खेत में जाने पर चले लाठी-डण्डे, सात घायल

**अखंड भारत संदेश**

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के लोसनापुर गांव में अनिल कुमार व सुरेन्द्र कुमार के बीच खेत से जानवर को हांकने को लेकर कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। पुलिस ने पहुंचकर किसी तरह मामले को शांत कराया। प्रथम पक्ष से अनिल कुमार (18) वर्ष पुत्र हीरालाल, बीनू देवी (14) वर्ष पुत्री अर्जुन प्रसाद, मालती देवी (45) वर्ष पत्नी अर्जुन प्रसाद एवं दूसरे पक्ष से सुरेंद्र कुमार (55) वर्ष पुत्र रामनाथ एवं विजय (19) वर्ष पुत्र रामबहादुर व हरिश्चंद्र (32) वर्ष पुत्र राम बहादुर, संजना देवी (28) वर्ष पत्नी हरिश्चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सीएचसी बाघराय में चल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## ट्रक की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत, एक घायल

**पट्टी, प्रतापगढ़।** साढू के लड़के के साथ दीवानगंज बाजार स्कूटी से दवा लेने आ रहे बुजुर्ग की ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। जबकि स्कूटी चला रहा साढू का लड़का गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजने के साथ शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जौनपुर जनपद के सुजानगंज थाना क्षेत्र स्थित बहाउद्दीनपुर गांव निवासी रामयश यादव (70) महाराजगंज थाना क्षेत्र के कोइरीपुर निवासी अपने साढू के लड़के सुभाष चंद्र (50) के साथ रविवार को करीब दो बजे स्कूटी से कन्धई थाना क्षेत्र के दीवानगंज बाजार दवा लेने के लिए घर से निकला था। दीवानगंज बाजार के समीप अचानक उसकी स्कूटी के आगे सीमेंट लादकर जा रहे ट्रक को स्कूटी ने ओवरटेक करना चाहा, तभी पीछे बैठे बुजुर्ग का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह गिरकर ट्रक के नीचे आ गया तथा उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि स्कूटी चला रहा युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

# सांसद पिटाई काण्डः सांगीपुर ब्लाक प्रमुख गिरफ्तार, सीओ निलम्बित

## सांसद समर्थकों ने फूंका प्रमोद तिवारी का पुतला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किये गये हमले के मामले में पुलिस ने सांगीपुर के ब्लाक प्रमुख को गिरफ्तार कर लिया है तथा लालगंज के सीओ जगमोहन निलम्बित कर दिये गये हैं। उधर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का कार्यक्रम आज इसलिये निरस्त कर दिया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम लाल गुप्ता को फोन कर उनका कुशलक्षेम पूछा और उन्हें लखनऊ बुलाया। उन्होंने कहा कि आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही होगी।

बता दें कि इस मामले में पूर्व राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी, विधायक आराधना मिश्र मोना, ब्लाक प्रमुख सांगीपुर अशोक सिंह सहित 27 नामजद व 50 अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। शनिवार को घटना के बाद प्रयागराज के आईजी केपी सिंह प्रतापगढ़ आए थे और देर रात तक जिलाधिकारी और सांसद के साथ मंत्रणा कर वापस लौट गए। बताया जाता है कि सीओ का निलम्बन देर रात में ही आ गया था। इधर रविवार को कटरा चौराहे पर सांसद समर्थकों ने प्रमोद तिवारी का पुतला फूंका और कहा कि भाजपा शासन में किसी की गुण्डागर्दी नहीं चलेगी। रविवार को कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमण्डल जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर प्रमोद तिवारी व मोना पर लगाये गये आरोपों को निराधार बताया। बता दें कि शनिवार को सांगीपुर ब्लाक में गरीब कल्याण मेला में प्रमोद तिवारी व मोना की उपस्थिति में सांसद संगम लाल गुप्ता व भाजपा के नेताओं पर हमला किया गया था, जिसके बाद सांसद ने कांग्रेस नेताओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गये थे। जब प्रमोद तिवारी, मोना, अशोक सिंह सहित 77 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज हो गई, तब धरना समाप्त हुआ। घटना के सियासत भी गर्म हो गई है। भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं लेकिन सांसद द्वारा गंभीर आरोप लगाने से मामले ने तूल पकड़ लिया है। उधर सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता संयम से काम लें। रामपुर के आतंक से छुटकारा मिलेगा और वहां लोकतंत्र की बहाली होना निश्चित है।



### नहीं आए डिप्टी सीएम

**प्रतापगढ़।** शनिवार की देर शाम सूचना मिली थी कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या सांसद संगम लाल गुप्ता से मिलने रविवार को हेलीकाप्टर से आएंगे लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संगम लाल गुप्ता से फोन कर उनका कुशलक्षेम पूछने के बाद उन्हें लखनऊ बुला लिया। उसके बाद उप मुख्यमंत्री का कार्यक्रम निरस्त हो गया।



## मोदी योगी की सरकार में हर वर्ग का हो रहा विकासः सांसद

### समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है सरकार की योजनाएं

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** मोदी योगी की सरकार में समाज के हर वर्ग का विकास हो रहा है। इसके पूर्व की सरकारों में वर्ग विशेष के लिए योजनाएं आती थी। जब से भाजपा की सरकार बनी है। हर वर्ग का विकास हो रहा है। उक्त बातें कुण्डा ब्लाक सभागार में गरीब कल्याण मेला में कौशाम्बी के सांसद, संसदीय आचार समिति के सभापति, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव व त्रिपुरा के प्रभारी विनोद सोनकर ने कही।

सांसद विनोद ने कहा कि 2014 में कुण्डा व बाबागंज की सड़कें गड्ढों में तब्दील थी। आज यहाँ की सड़कों पर आप आसानी से चल सकते है। अत्यधिक वर्षों के कारण जिन परिवारों को कच्चा मकान गिर गया है। ऐसे परिवारों को मुख्यमंत्री आवास दिया जाएगा। अभी तक 1000 परिवारों का चयन किया गया है। आज इस मेले के माध्यम से क्षेत्रवासियों को एक स्थान पर सरकार की योजनाओं से जोड़ा गया। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से क्षेत्र अछूता नहीं रहेगा। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, अभय प्रताप सिंह पप्पन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश सोनकर, मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, केशव पासी,उदय शंकर पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष सिद्दार्थ शंकर श्रीवास्तव, सुरेश तिवारी, महेश सिंह फौजी, जितेंद्र तिवारी, अरुण कुमार, राकेश मिश्र, खण्ड विकास अधिकारी कुण्डा प्रतीक कुमार, उपजिलाधिकारी कुण्डा सतीश चंद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी कुण्डा अर्जुन सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मैत्री ही सम्पूर्ण धम्म है : राजेश चंद्रा

### देवकली बुद्ध बिहार में धम्म प्रबोधन का शिविर सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** मैत्री ही सम्पूर्ण धम्म है जिसमें बुद्ध ने साधना के सारे चरण दिए हैं। इसमें ग्यारह लाभ मार्ग हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति अपनी सम्पूर्णता को पाता है और सामुदायिकता को अपने जीवन में समावेशित करता है। मैत्री भावना के सभी चरणों की क्रमिक साधना ही आपको परिपूर्णता की तरफ ले जाती है। उक्त बातें जनपद में चल रहे पूज्य भन्ते कमल शील द्वारा देवकली बुद्ध विहार पर संचालित पावन वर्षावास अधिष्ठान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पधारें अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका मध्यम मार्ग के संपादक, बौद्ध विद्वान, चिन्तक, धम्मध्वजा वाहक व आचार्य राजेश चंद्रा ने अपने धम्म प्रबोधन में कही।

इसके पूर्व उनके आगमन पर जनपद प्रतापगढ़ के धम्मानुरागियों द्वारा पारंपरिक श्वेत वस्त्रों में धम्मध्वजों के साथ भव्य स्वागत किया व पावन भिख्खू संघ के साथ निकाली गयी धम्म चारिका में परामपरागत श्वेत वस्त्र में उपासिकाओं की बड़ी सहभागिता दिखाई दी। कार्यक्रम का बुध्दारम्भ पावन भिख्खू संघ के सानिध्य मे त्रिशरण, पंचशील व आनापानसति (ध्यान) द्वारा किया गया। दीपशिखा व दिनेश सरोज ने बुद्ध वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियो ओम नारायण अहिरवार व इं0 अनिल कुमार मौर्य को स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र व धम्म पट्टिका से सम्मानित किया गया। अध्यक्षता रामदेव व संचालन राकेश कनौजिया ने किया। इस अवसर पर बहन लीलावती, रामरती बुआ, बहन सुशीला, सुशील दद्दू, वेद प्रकाश, दूधनाथ जिज्ञासु, सूर्यबली, सी0पी0 राव, सुलोचना राव, आदि मौजूद रहे।

## नौ दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत आंतरिक सामुदायिक संदर्भ व्यक्तियों का नौ दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण क्षेत्रीय ग्राम विकास संस्थान कालाकाकर प्रतापगढ़ में 17 सितम्बर से प्रारंभ होकर 25 सितंबर को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जनपद कौशांबी के विकास खंड नेवादा सिराथू एवं कौशाम्बी से कुल 46 नव चयनित आंतरिक सामुदायिक संदर्भ व्यक्तियों जिसमें 15 बुक्कीपर महिलाएं एवं 31 सोशल मोबिलाइजेशन महिलाओं ने प्रतिभाग किया प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जलपान भोजन व प्रशिक्षण किट तथा यात्रा भत्ता वितरित किया गया प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को 2 दिन क्षेत्र भ्रमण पर विकासखंड कड़ा के ग्राम अंबाई बुजुर्ग एवं गिरधरपुर गड़ी व्यवहारिक ज्ञान हेतु ले जाया गया जहां प्रतिभागियों ने समूह गठन करने का व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया प्रशिक्षण के अंतिम दिन संस्थान के मुखिया आचार्य अनूप कुमार एवं प्रशिक्षण सत्र प्रभारी शैलेंद्र सिंह तथा सह प्रभारी दिनेश चंद्र द्वारा सत्र का समापन किया गया।



## हिंद के माथे की बिंदी, सरस और शाश्वत है हिंदी

### सृजना साहित्यिक संस्था द्वारा हुई काव्य गोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था के तत्वावधान में हिंदी पखवारे के दौरान एक काव्य गोष्ठी का आयोजन सरस कुटीर में किया गया। इस अवसर पर हिंदी साहित्य की वर्तमान स्थिति पर गहन वैचारिक मंथन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोशनलाल ऊमरवैश्य ने कहा कि हिंदी भारत की ही नहीं अपितु विश्व की सबसे सरल एवं सरस भाषा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कहानीकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम ने कहा कि जो मिठास, प्रभावशीलता व अपनत्व हिंदी में है वह अन्य किसी भी भाषा में नहीं है। अनिल कुमार निलय ने पढ़ा-हिंद के माथे की बिंदी,सरस और शाश्वत है हिंदी। श्रीनाथ मौर्य सरस ने पढ़ा-हिंदी आन, बान, शान है हमारी, मर के भी न भूलें हिंदी जान है हमारी। कुंजबिहारी काका श्री ने पढ़ा-हिंदी हमारे राष्ट्र की भाषा, हम सबको ये प्यारी है। अमरनाथ गुप्ता बेजोड़ ने पढ़ा-हिंदी न होती अगर जग में, कितने लरकवन अनपढ़ रहतेन। अध्यक्षता करते हुए प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम ने पढ़ा-हिन्दी से हम विनती सीखे, सीखे प्रेम लुटाना। इस दौरान सभी साहित्यकारों ने एक स्वर में हिंदी को यथाशीघ्र भारत की राष्ट्रभाषा घोषित करने की पुरजोर मांग की। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया। इस अवसर पर सौम्या, शशि मौर्य, प्रियंका सिंह, अमन, अंकित, सूरज, विवेक आदि की उपस्थिति रही।

### कक्षा-6 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी 30 नवम्बर तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य संत सिंह ने बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2022-23 हेतु कक्षा-06 में 80 सीटों पर प्रवेश हेतु निःशुल्क आवेदन 30 नवम्बर 2021 तक कर सकते हैं। परीक्षा की तिथि 30 अप्रैल 2022 निर्धारित की गयी है। उन्होने प्रवेश हेतु पात्रता के सम्बन्ध में बताया है कि शिक्षण सत्र 2021-22 में प्रतापगढ़ (उ0प्र0) जनपद के सरकारी/सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों में कक्षा-5 के अध्ययनरत छात्र हों, वे प्रवेश हेतु पात्र हैं।

## खबर संक्षेप

### चौकी इंचार्ज को चोरो ने दी सलामी

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना अंतर्गत जी टी रोड कल्यान पुर बाजार निवासी उदय केसरवानी की जे सी बी नम्बर ४ स्त्र 73अ 8076 की शनिवार की रात्रि चोरों ने हाइड्रोलिक पंप खोल कर उठा ले गए।नवागत चौकी इंचार्ज शहजादपुर गौरव त्रिवेदी के कार्य भार ग्रहण करते ही चोरो ने हाइड्रोलिक पंप चुरा कर पुलिस को सलामी दी है।इन दिनों कल्यानपुर बाजार में चोरो का आतंक बहुत हो गया है।जिससे नवागत चौकी इंचार्ज को क्षेत्र में चोरो की चुनौती का सामना करना पड़ेगा।पिछले तीन चार दिन पहले जनरेटर की चोरी,फिर विनोद केशरवानी के घर से मोटर साइकिल की चोरी आज फिर जे सी बी के हाइड्रोलिक पंप की चोरी होना पुलिसिया व्यवस्था पर सवाल है।

### वाहन से टकरा कर गौ की मौत

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग में एक गाय को ट्रक ने टक्कर मार दिया है जिससे तड़प तड़प कर गाय की मौत हो गयी है गाय का शव कॉफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा लेकिन गोवंश को संरक्षण देने वाले और गोरक्षा समिति के जिम्मेदार मौके पर नही पहुँचे थे।

### समाधान दिवस में सुनी गई शिकायतें

**कौशाम्बी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर थाना मंझनपुर व थाना करारी में पुलिस अधीक्षक व थाना मोहब्बतपुर पाइंस में अपर पुलिस अधीक्षक तथा समस्त क्षेत्राधिकारी द्वारा अपने अपने सर्किल के थानों में जन शिकायतों को सुन गया जिसमे कुल 83 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जिसमे से 14 का मौके पर निस्तारण किया गया एंव प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु टीम गठित कर सर्व संबंधित में निर्देशित किया गया।

### कोविड 19 के दृष्टिगत की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार जिले स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा कोविड 19 का पालन न करने वालो के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमें 145 वाहनों का ई चालान किया गया वही 3 वाहनों से 1500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया बिना मास्क के घूम रहे 44 व्यक्तियों से 5500 रुपए जुमार्ना वसूला गया।

### गैंगेस्टर एक्ट के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उत्तर प्रदेश गिरोह एंव समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के वांछित अभियुक्त आबिद अली पुत्र स्व0 राजा अली निवासी तुर्तिपुर थाना करारी को चायल बाजार से तथा अवधेश कुमार पुत्र राम बहोरी पासी निवासी खोपा थाना सराय अकिल को तिलहपुर मोड़ से गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक मो0 जमीर खान मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त अर्जुन पुत्र रोशन लाल पासी निवासी जमालमउ थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

### वांछितअभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट में दो वांछित अभियुक्त कल्लू पुत्र चौबे व सुमन पत्नी दुर्गा निवासी चांदराई थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

### आईएएस में हुआ कौशाम्बी की बेटी का चयन

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील की एक बेटी का आईएएस में चयन हुआ है आईएएस में चयन होने पर परिजनों के साथ जिले के लोग खुशी से झूम उठे है मंझनपुर तहसील के टिकरी नागी निवासी प्रधानाध्यापक मनोज सिंह की भतीजी हर्षिता सिंह का आईएएस में चयन होने की जानकारी पर क्षेत्र में खुशी की लहर घर, परिवार, गांव और समाज मे खुशी की लहर के बाद मिठाईयां बाटी गयी है।

# जनपद का हो रहा चहुँमुखी विकास : विधायक

● विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता स्वीकृत प्रमाण पत्र किये गये वितरित





प्रमाण पत्र वितरित करते विधायक व जिलाधिकारी तथा उपस्थित लोग

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** शासन के निदेर्शानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर जनपद के सभी विकास खण्डों में गरीब कल्याण दिवस के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण हेतु संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन सामान्य तक पहुंचाने हेतु विभागीय स्टाल लगाये गये एवं पात्र लाभार्थियों का विभिन्न योजनाओं के तहत पंजीकरण भी किया गया विधायक मंझनपुर लाल बहादुर एवं जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा विकास खण्ड मंझनपुर में विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी विभागीय योजनाओं की स्टॉलों का अवलोकन किया गया कार्यक्रम में विधायक एवं जिलाधिकारी द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के 05 लाभार्थियों, अनुसूचित जाति शादी अनुदान योजना के 02 व सामान्य वर्ग शादी अनुदान योजना के 02 लाभार्थियों को आर्थिक सहायता स्वीकृत प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय बृद्धावस्था पेंशन योजना के 05 लाभार्थियों को स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इसी प्रकार दिब्यांगजन विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम उपकरण योजना के तहत 15 लाभार्थियों को ट्राई साइकिल प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के कुल 15 लाभार्थियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र, खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के 08 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान योजना के 02 लाभार्थियों को रुपए 20-20 हजार की आर्थिक सहायता की स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं अल्पसंख्यक शादी अनुदान योजना के 10 लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रमाण पत्र वितरित किये गये तथा विधवा पेंशन एवं कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियो को स्वीकृत प्रमाण पत्र एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कृषि यंत्रों पर अनुदान योजना के तहत कृषि यंत्र एनएस स्प्रेयर के 04 लाभार्थियों, पैडी चापर एवं मल्चर के 01-01 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद एवं अन्त्योदय के प्रणेता है। जिन्होंने हर गरीब को समृद्धशाली बनाने के लिए अपना पूरा जीवन समाज सेवा में लगा दिया। वे गरीबों के मसीहा थे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पदचिन्हों पर चलकर गरीबो के कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रहे है। सरकार ने बहुत सी योजनायें गरीबों के कल्याण के लिए संचालित की हैं। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का कार्य किया है केन्द्र व प्रदेश सरकार ने महिलओ को स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर तथा उनकी सुरक्षा के लिए अनेक योजनायें यथा बेटी बचाओ-बेटी पढाओं, कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि संचालित की गयी है। सरकार आज बेटियों के शादी की चिन्ता कर रही है, जिसके फलस्वरूप मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित की गयी है। विधायक ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत सेवक की नियुक्ति की जा रही है। सभी लोगों को उनके ग्राम पंचायत में भी विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ ही पात्र लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु आवेदन फार्म पंजीकरण भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बनने के साथ ही जनपद के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक विकास कार्य प्रारम्भ किये गये, जिनमें से कई विकास कार्य पूर्ण भी हो चुके है। उन्होने कहा कि जनपद में सड़कों का चौडीकरण, फोरलैन सड़को का निर्माण, पुलों का निर्माण, ओवरब्रिज का निर्माण, परिवहन डिपो एवं मेडिकल कालेज सहित अनेक विकास कार्य किये जा रहे है। मंझनपुर नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा का दिलाया गया। सभी गांवो मे पात्र लोगों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन दिया गया जनपद का चहुमुखी विकास हो रहा है, आने वाले समय में जनपद के विकास के लिए और अनेक विकास कार्य कराये जायेंगे। उन्होने उपस्थित जनसमूह से केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने एवं पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु शासन के निदेर्शानुसार जनपद के सभी विकास खण्डों में गरीब कल्याण दिवस का आयोजन किया जा रहा है उन्होने उपस्थित जनसमूह से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में आवेदन कर लाभ उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि वे अपने-अपने गांवो के अन्य लोगो को भी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करें, जिससे वे लोग भी जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

उन्होने कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। उन्होने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है, जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है, वे फार्म-06 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करायें इस अवसर पर मुख्य विकास आधिकारी शशिकांत त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



घायल को अस्पताल ले जाते ग्रामीण

## ट्रक व बाइक सवार के बीच हुई भिड़त

**इमामगंज कौशाम्बी।** कोखराज थाना के समीप ट्रक व बाइक सवार से भिड़ंत हो गयी है हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय लोग पहुंच गए है और घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है सूत्रों के अनुसार बाइक सवार के सर में काफी गहरी चोट बतायी जा रही है। हालत ज्यादा गंभीर होने पर बाइक सवार को जिला अस्पताल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के सैयद सरावां निवासी अब्दुल्ला मैसर उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र अब्दुल्ला जलील सैयद सरावां से अझुवा की तरफ किसी काम से जा रहा था तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार को कोखराज थाना के समीप जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार बेशुद्ध हालत में जमीन पर गिर पड़ा।बाइक सवार को काफी गंभीर चोट आयी है।दोनों वाहनों की टक्कर के बाद तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे हादसे की सूचना ग्रामीणों ने 108 को फोन कर सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुची एम्बुलेंस ने घायल को स्थानीय अस्पताल मूरतगंज पीएचसी में भर्ती कराया और घायल के परिजनों को सूचना दी जहां हालत गंभीर होने पर घायल युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है




ज्ञापन सौंपते कर्मचारी

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने एम. एल .सी. को सौंपा ज्ञापन

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष मोतीलाल सिंह द्वारा प्रदेश के लाखो कर्मचारियो की लम्बित समस्याओ में सकारात्मक सहयोग प्रदान किये जाने हेतु समाजवादी पार्टी के स्नातक एमएलसी डा० मानसिंह यादव को ज्ञापन सौंपा गया ! जिसमे ग्यारह सूत्रीय माँग मे पुरानी पेंशन की बहाली कर्मचारियो के डी ए की कटौती न करने एवं अन्य मांगो का ज्ञापन सौंपा गया है ज्ञापन देने वालो में धीरेन्द्र सिंह,कीर्ति सिंह,अशोक सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, पीयुष शुक्ला,शिव प्रताप सिंह,अभिषेक सिंह,अनूप सिंह ,शैलेन्द्र सिंह,नथन सिंह,राममिलन शुक्ला,अनिल कुमार यादव,रमेशचन्द्र कुशवाहा आदि जिला संयुक्त चिकित्सालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर यूटेक ने दिया एमएलसी को ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**करारी कौशाम्बी।** शिक्षकों और कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शुक्रवार को यूनिक टीचर्स इम्प्लाइज कमेटी के पदाधिकारियों ने मंझनपुर में एमएलसी डॉ. मानसिंह यादव को ज्ञापन सौंपा। संगठन के लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन को तत्काल बहाल किया जाए ताकि सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े। साथ ही एमएलसी डॉ. मानसिंह यादव से संगठन की यह आवाज सदन में उठाने की मांग की।जिला मुख्यालय में शुक्रवार को इलाहाबाद झांसी के विधान परिषद सदस्य डॉ. मानसिंह यादव के आगमन पर यूनिक टीचर्स इम्प्लाइज कमेटी के पदाधिकारी भी पहुंच गए। संगठन के लोगों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए एमएलसी डॉ. मानसिंह यादव को पुरानी पेंशन बहाली को लेकर ज्ञापन सौंपा। यूटेक संगठन के लोगों ने ज्ञापन में मांग की कि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए। साथ ही एमएलसी डॉ. मानसिंह से आग्रह किया है कि वह कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सदन में मजबूती से आवाज उठाएं। इस पर एमएलसी डॉ मानसिंह यादव ने भी संगठन के लोगों से उनकी आवाज को सदन में उठाने का वादा किया। और कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनी तो पुरानी पेंशन पुनः बहाल करायी जायेगी। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री अरुण गोविल सिंह, जिला संयोजक अतमम अली, जिला मंत्री देवनारायण, संगठन के सदस्य पंकज सिंह, अजय सिंह, विवेक कुमार, सनद कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, रामप्रवेश राम, सत्यदेव पाल, राजेश कुमार मौर्य, सैयद मुन्तजिर अब्बास रिजवी, वैचारिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अनूप सिंह आदि अन्य शिक्षक समाज के लोग मौजूद रहे।

## चालीस लीटर अवैध शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अवैध शराब के निर्माण व तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के विभिन्न थानों द्वारा तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालीस लीटर अवैध शराब बरमाद कर अभियुक्तो को जेल भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा दो अभियुक्तो ओम प्रकाश सरोज पुत्र सुग्गन लाल निवासी डहराई थाना पश्चिम शरीरा के कब्जे से दस लीटर अवैध कच्ची शराब व भोला पुत्र भद्दु सरोज निवासी पूरब सरावां थाना पश्चिम शरीरा के कब्जे से बीस लीटर अवैध कच्ची शराब बरमाद होने पर दोनों अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना कड़ाधाम पुलिस द्वारा अभियुक्त नीबू लाल पुत्र स्व0 रामसजीवन निवासी रसीदमई थाना कड़ाधाम के कब्जे से दस लीटर अवैध कच्ची शराब बरमाद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

# अराधना मिश्रा और प्रमोद तिवारी कि गिरफ्तारी हुई तो होगा जन आंदोलन : तलत अजीम

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** प्रतापगढ़ में सांसद संगम लाल गुप्ता के साथ हुई झड़प के बाद कांग्रेस की सदन कि नेता अराधना मिश्रा और सीडब्ल्यूसी सदस्य प्रमोद तिवारी और करीब पचास कांग्रेसियों पे मुकदमा दर्ज होने के बाद पुरे प्रदेश में राजनीति गर्म हो गई है मुकदमा दर्ज होते ही कांग्रेसियों में उबाल आ गया कांग्रेस के कैंप कार्यालय कसेंदा में हुई बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व चायल प्रत्याशी तलत अजीम ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेसी नेता विपक्षी दल अराधना मिश्रा और वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी के खिलाफ सांसद संगम लाल से झड़प पे फर्जी मुकदमा दर्ज हुआ है और प्रशासन ने एक पक्षीय कार्यवाही की इससे प्रशासन कि मंशा पे संदेह होता है उन्होंने कहा जिस तरह से सांसद अपने तय समय से घंटों बाद मीटिंग में पहुंचे उसके बावजुद उनको सम्मान ब्लाक सांगीपुर में मीटिंग में बैठाया गया और जिस तरह से उन्होंने अभद्रता किया वह उनकी मंशा को दिखलाता है इसके बावजूद प्रशासन ने बिना जांच किए सत्ता के दबाव में एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज किया वह घोर निंदनीय है उन्होंने कहा कि अगर उनके नेता पे किसी तरह कि कार्यवाही होगी तो पूरे कौशांबी के कांग्रेसी भी सड़क पे उतर जायेगा साथ ही उन्होंने प्रशासन कि मंशा पे सवाल खड़ा करते हुए कहा कि जिस तरह से कोविड नियम का उल्लंघन करते हुए उन्होंने घंटों हजारों लोगों के साथ धरने पे बैठे रहे और राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच को बाधित रखा इसके बाद भी सांसद पे अबतक कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसी अपने वरिष्ठ नेताओं के साथ एकजुट हैं इस मौके पर सुखलाल यादव, अजहर लईक, सुरेंद्र सिंह, गुड्डू भारतीय, वीर सिंह दिवाकर राम प्रकाश, मकबूल अहमद,तौहीद अहमद, अर्शिल इब्राहीम, मो शाद, शाहबाज अहमद, मो नाजिम आदि मौजूद रहे।



बैठक करते कांग्रेसी

## गांधी जयंती के उपलक्ष में विशाल सम्मेलन करेगी जन अधिकार पार्टी

**कौशांबी।** जन अधिकार पार्टी पिछड़ा दलित व अल्पसंख्यक भाईचारा बनाओ सम्मेलन के रूप में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाने जा रही है सिराथू विधानसभा के अंतर्गत सयारा डिग्री कॉलेज मैदान कमासिन चौराहा सैनी में रखा गया है सम्मेलन जिस के मुख्य अतिथि बाबू सिंह कुशवाहा राष्ट्रीय अध्यक्ष जन अधिकार पार्टी पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश का आगमन होगा जहां पर गांधी जयंती के उपलक्ष में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और आने वाले विधानसभा 2022 के चुनाव को मद्देनजर रखते हुए चुनावी बिगुल फुंकने का भी काम करेंगे जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश महासचिव प्रदेश सचिव मंडल अध्यक्ष उपस्थित होंगे कार्यक्रम के संचालन कर्ता अजीत प्रताप कुशवाहा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रभारी 253 विधानसभा चायल ज्ञान प्रकाश मौर्य विधि प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश राजेश कुशवाहा चंद्रसेन पाल लाखन राज पासी प्रदेश उपस्थित रहेंगे।

# देश के करोड़ों किसान केंद्र सरकार से लेंगे बदला : अजय सोनी

किसान सम्मान निधि किसानों को प्रति चार माह में 6000 रुपए किया जाए प्रदान

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने केंद्र सरकार से किसानों को किसान सम्मान निधि के रूप में प्रति चार माह में 6000 रुपए प्रदान किए जाने की मांग की है। अजय सोनी के मुताबिक किसानों को प्रति चार माह में मिलने वाला रुपए 2000 अपर्याप्त है और किसी भी दृष्टि से इसे किसान सम्मान निधि नहीं कहा जा सकता। आगे कहा कि केंद्र सरकार वास्तव में अगर किसानों का सम्मान करना चाहती है तो भीख की तरह नहीं बल्कि सम्मानजनक धनराशि किसानों को प्रदान करे ग्राम बेला फत्तेपुर में किसान चौपाल में बोलते हुए अजय सोनी ने कहा किसान देश का अन्नदाता है। किसानों को भी सम्मान के साथ जीने का पूरा अधिकार है। अगर केंद्र सरकारद बड़े बड़े उद्योगपतियों को हजारों करोड़ रुपए अनुदान या पैकेज के रूप में दे सकती है तो देश के किसानों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार क्यों कर रही है। केंद्र सरकार को चाहिए कि किसानों को प्रति चार माह में 6000 रुपए अवश्य प्रदान करे उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन किसान अध्यादेश विधेयक वास्तव में केंद्र सरकार द्वारा साल 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने के वादे से किसानों को गुमराह करने एवं किसानों का ध्यान आय दुगुनी किए जाने से भटकाने के लिए हैं। यह देश के करोड़ों किसानों के साथ केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा छलावा है। जिसका समय आने पर देश के करोड़ों किसान केंद्र सरकार से बदला लेंगे। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन किसान अध्यादेश विधेयको को वापस लिए जाने की मांग करते हुए अजय सोनी ने कहा कि किसानों को बर्बाद करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा ऐसे विवादास्पद विधेयक लाए गए हैं। देश की जनता और देश के करोड़ों किसान किसी भी स्थिति में इन विधेयकों को मंजूर नहीं करेंगे। लिहाजा जल्द से जल्द केंद्र सरकार तीनों किसान विधेयकों को वापस ले। इस अवसर पर अशोक विश्वकर्मा, जुम्मन अली, देशराज पाल, राकेश यादव, अशोक कुमार, पन्ना लाल आदि मौजूद रहे।



चौपाल लगाकर बैठक करते समर्थ किसान पार्टी नेता

# दीनदयाल उपाध्याय की भाजयुमो ने मनाया जन्मदिन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने विजिया चौराहा में मनाया है मण्डल अध्यक्ष रोहित त्रिपाठी ने पंडित जी के संघर्षों से जुड़ी बातें को बताया प्रवासी जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र त्रिपाठी ने भाजपा के विकाश को लेकर चर्चा किया अखिल रस्तोगी ने कहा कि देश के सच्चे सेवक मोदी योगी है दूसरा कोई नही हो सकता उन्होंने कहा कि आप लोग जानते है कि अन्य पार्टी जातिवाद परिवारवाद पर निर्भर है इसलिए उनका पतन हो रहा है कार्यक्रम में मुकेश मिश्रा, चंद्रशेखर उपाध्याय, कमलेश प्रजापति, अवधेश प्रजापति, शिवशंकर तिवारी,अतुल कुमार त्रिपाठी,कौशिक अग्रहरि,विनय निषाद,रोसन लाल प्रजापति सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### युवा मंडल पदाधिकारियों ने मनाई उपाध्याय की जयंती

**कौशाम्बी।** भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष पश्चिम सरीरा लवलेश लोधी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बड़े ही धूमधाम से पश्चिम सरीरा गुड हाई मंडी में मनाई है पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उपस्थित भाजपा नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया है पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण के समय सैकड़ों लोधी नेता समेत हरिओम तिवारी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### कशिया मंडल ने मनाई दीनदयाल की जयंती

**कौशाम्बी।** विधानसभा सिराथू के कसिया मंडल के कोखराज में भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की चंद्र जयंती मनाई गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा युवा मोर्चा और कार्यक्रम के संयोजक मंडल अध्यक्ष वा मीडिया प्रभारी रहे योगेश कुमार मौर्य के अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में राजू सरोज, पवन विश्वकर्मा, रवि पाठक, तरुण मिश्रा, रंजीत यादव, प्रेमचंद यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मिशन रोजगार आरम्भ

**कौशाम्बी।** समस्त मंझनपुर नगर वासियो को सूचित किया जाता है कि शहरी क्षेत्र के बेजरोगारो को उनकी योग्यता के अनुसार सेवा योजित करने हेतु शासन द्वारा मिशन रोजगार 25 सितम्बर 2021 से आरम्भ किया गया है दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के उपघटक स्वरोजगार कायर्क्रम के अन्तगर्त अपना रोजगार प्रारम्भ कियें जाने हेतु रू0 2 लाख रुपए तक का ऋण बैंक द्वारा दिलाया जायेंगा। बैंक ऋण के ब्याज पर 7 प्रतिशत से ऊपर त्रैमासिक सब्सिडी अनुदान के रूप दी जायेंगी। शहरी महिलाओ का सशक्तिकरण हेतु स्वयं सहायता समूह का गठन कर स्वरोजगार हेतु जागरूक कराना आदि जिसके लिए कायार्लय जिला नगरीय विकास अभिकरण विकास भवन में संचालित हेल्प डेस्क 25 सितम्बर 2021 से आवेदन पत्र प्राप्त करके दिनांक 04 अक्टूबर 2021 तक जमा कर सकते है।

# मासूम रेप पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सड़क पर उतरे आम आदमी पार्टी नेता

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के सुरसेना गांव की रहने वाली एक नाबालिग 5 वर्षीय बालिका के साथ 22 सितंबर दोपहर को दरिंदे ने दुष्कर्म किया। खून से लथपथ बालिका को गंभीर अवस्था में साईकिल में लादकर अज्ञात व्यक्ति ने बालिका को ननिहाल जवाहर गंज पहुंचा दिया। राशन लेकर लौटी पीड़िता की मां ने बालिका की काफी खोजबीन किया महिला ने जवाहर गंज अपनी मां को फोन कर पूछा कि मासूम बालिका तो नहीं आई है। मां के बताने पर मायके पहुंची महिला अपनी पुत्री की हालत देख दंग रह गई। खून से लथपथ बालिका को सराय अकिल थाना पहुंच कर महिला ने बालिका के साथ हुए दुष्कर्म के बारे में थाना प्रभारी को अवगत कराया। थाना प्रभारी ने दुष्कर्म के मामले को महज दुर्घटना करार दिया थानेदार ने कहा कि इसका इलाज करवाओ उसके साथ दुष्कर्म नहीं हुआ है।थक हार कर पीड़िता की मां ने जिला अस्पताल में बालिका को भर्ती करवा दिया। लेकिन पुलिस ने मेडिकल करवाने के लिए कोई चिट्ठी पत्री नहीं भेजी। जिससे बालिका का मेडिकल मुआयना नहीं हुआ घटना की जानकारी मिलने पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार, एससी एसटी प्रदेश सचिव अर्चना गौतम माइनॉरिटी विंग जिला अध्यक्ष अली हुसैन सोशल मीडिया प्रभारी फरीद खान ने जिला अस्पताल पहुंचकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। दुष्कर्म की शिकार मासूम बालिका की मां ने आरोप लगाया है कि मेरी बालिका के साथ दरिंदे ने दुष्कर्म किया है आम आदमी पार्टी के नेताओ ने कहा कि दरिंदगी की शिकार महिलाओं मासूम बालिकाओं को भाजपा सरकार में न्याय नहीं मिल रहा है। इस मौके पर विजय बहादुर जयपाल जिद्दी मो,रिजवान निधि त्रिपाठी अंजना मिश्रा रति देवी सहित तमाम लोग न्याय के लिए उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

### बुखार से मर रहे बच्चे

उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान और कर्नाटक से भी इस तरह से बच्चों की मौत की खबरें आ रही हैं। कुछ राज्यों में बुखार से मरने वालों की संख्या अभी भले ही कम है, लेकिन इसका यह मतलब निकालना गलत होगा कि वहां हालात गंभीर नहीं हैं। कोरोना महामारी के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग तरह के बुखार का प्रकोप राज्य सरकारों का नया सिरदर्द बन गया है। सबसे गंभीर स्थिति यूपी की है। यहां फिरोजाबाद जिले में बच्चों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। वायरल फीवर और डेंगू जैसे लक्षणों वाले 61 बच्चों की इस जिले में मौत हो चुकी है। आगरा जिले में भी हालात बिगड़ने लगे हैं। पिछले चार दिनों में वहां तेज बुखार से आठ बच्चों की जान चली गई।उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान और कर्नाटक से भी इस तरह से बच्चों की मौत की खबरें आ रही हैं। कुछ राज्यों में बुखार से मरने वालों की संख्या अभी भले ही कम है, लेकिन इसका यह मतलब निकालना गलत होगा कि वहां हालात गंभीर नहीं हैं। उदाहरण के लिए, बिहार में अभी तक 15 बच्चों की मौत बताई जा रही है, लेकिन इस महीने तेज बुखार और फ्लू जैसे लक्षणों के साथ 7000 से ज्यादा बच्चे स्वास्थ्य केंद्रों पर लाए गए। साफ है कि बीमारी फैली हुई है। अगर इससे निपटने में लापरवाही हुई तो कहीं अधिक बच्चों की मौत हो सकती है। कोरोना के चलते पिछले करीब डेढ़ साल से देशवासियों की जो मनःस्थिति बनी हुई है, उसे देखते हुए इन बीमारियों की गंभीरता को समझना होगा।

निस्संदेह इन मौसमी बीमारियों की तुलना कोरोना से नहीं की जा सकती। लेकिन सर्दी-खांसी का ठीक न होना और तेज बुखार से पीड़ित बच्चों का दम तोड़ना, प्रभावित आबादी को ट्रॉमा में डालने के लिए काफी है। और कोरोना के खतरे से भी हम मुक्त कहां हुए हैं। आज भी रोजाना इसके लगभग 30 हजार नए मामले आ ही रहे हैं। भूलना नहीं चाहिए कि पिछले डेढ़ साल में देश के स्वास्थ्य ढांचे पर असाधारण बोझ रहा है। स्वास्थ्यकर्मियों ने इस दौरान अद्भुत धैर्य और क्षमता का परिचय दिया है। लेकिन और ज्यादा बोझ इस ढांचे को बैठा भी सकता है। लिहाजा, जरूरी है कि चाहे कोरोना हो या अन्य मौसमी बीमारियां, इनके इलाज की व्यवस्था करने के साथ ही ध्यान इस बात पर केंद्रित किया जाए कि ये फैलें ही नहीं। यहां भी सरकारी तंत्र की अहम भूमिका है, लेकिन यह भी समझना होगा कि जन-स्वास्थ्य साझा जिम्मेदारी है। चाहे साफ-सफाई रखने और पानी न इकट्ठा होने देने की बात हो या दूरी बरतने, मास्क पहनने और अन्य सावधानियां बरतने की, इन मोर्चों पर जरा सी चुस्ती चमत्कार कर सकती है, जबकि जरा सी लापरवाही किए कराए पर पानी फेर सकती है।

# तानाशाही के हाईवे पर लोकतंत्र की प्रतिरोध शिला

**बादल सरोज**

देश जब हर तरह की मुश्किलों के दौर से गुजर रहा हो। जब प्रगति के सारे सूचकांक पाताल की ओर और बेरोजगारी, भुखमरी, तबाही और बर्बादी सहित अवनति के सारे पैमाने आकाश की ओर जा रहे हों - ठीक ऐसे कुसमय में जन्मदिन समारोह का भव्य आयोजन करना एक ख़ास तरह की ढिठाई और अहमन्यता की दरकार रखता है। कहने की आवश्यकता नहीं कि मौजूदा शासक समूह और उसके निर्विवाद चीफ में बाकी कुछ हो या न हो इन दोनों- ढिठाई और अहंकार- की मौजूदगी इफरात में है। चारण और भाटों ने कसीदे काढ़े, नई-नई उपमा और विशेषण गढ़े, 'आसमां पै है खुदा (नहीं नहीं ईश्वर) और जमीं पै ये' मार्का प्रचार के तूमार खड़े करने के लिए पूरी अक्षौहिणी सेना झोंक दी, कर्ज में डूबे, दिवालिया होने की कगार पर पहुंचे सरकारी खजाने को खोलकर दरबारियों में खैरात, ईनाम इकराम और जागीरें बंटी, और कुछ इस तरह आत्ममुग्ध महाराजाधिराज- नरेंद्र मोदी- का जन्मदिन मना। देश जब हर तरह की मुश्किलों के दौर से गुजर रहा हो। जब प्रगति के सारे सूचकांक पाताल की ओर और बेरोजगारी, भुखमरी, तबाही और बर्बादी सहित अवनति के सारे पैमाने आकाश की ओर जा रहे हों - ठीक ऐसे कुसमय में जन्मदिन समारोह का भव्य आयोजन करना एक ख़ास तरह की ढिठाई और अहमन्यता की दरकार रखता है। कहने की आवश्यकता नहीं कि मौजूदा शासक समूह और उसके निर्विवाद चीफ में बाकी कुछ हो या न हो इन दोनों- ढिठाई और अहंकार- की मौजूदगी इफरात में है। सार्वजनिक आचरण में निर्लज्ज ख़ुदपरस्ती और प्रचारलिप्सा इसके साथ अलग से है। अपने जन्मदिन की दावत में बगीचे में रोशनी के लिए अनेक गुलाम खम्भे से बांधकर ज़िंदा जलाने वाले रोम साम्राज्य के पहली सदी के पांचवे शासक नीरो के बर्बर राजतंत्र युग से विकसित होकर समाज के पूंजीवादी लोकतंत्र की अवस्था में पहुंचने का एक दर्शनीय फर्क यह था कि इसमें शासकों की निजी सनक और व्यक्तिगत आत्मश्लाघा को काफी हद तक नियंत्रित किया गया। भले दिखावे के लिए ही सही किन्तु लोक को तंत्र के ऊपर रखा गया। शासन-प्रशासन और शासक समूह के बीच अंतर की एक झीनी चादर खड़ी की गई।

मोदी के 2021 के जन्मदिन समारोहों में इस झीनी चादर को तार-तार कर दिया गया; जन्मदिन मोदी का था, मना रही थी भाजपा और पैसा फूंका जा रहा था उस सरकारी खजाने का जिसे 135 करोड़ जनता से वसूली करके, उसी जनता की जरूरतें पूरी करने के लिए भरा जाता है।लोकतांत्रिक मर्यादाओं का इतना बड़ा मखौल उड़ाने की दीदादिलेरी दुनिया भर में शायद ही किसी और शासक ने दिखाई होगी जो सकल ब्रह्माण्ड की सबसे बड़ी पार्टी बताने वाली भाजपा, मोदी और उनकी भक्त मण्डली ने 17 सितम्बर को व्यवहार में लाई है। भारतीय लोकतंत्र में मोदी युग की ख़ास पहचान सरकार और पार्टी का फर्क मिटना भर नहीं है- पार्टी का भी सिमट कर एक व्यक्ति और उसके चहेते दूसरे व्यक्ति में समाहित होकर हम दो-हमारे दो में बदल जाना है। यह तानाशाही का हाईवे हैं। डॉ. अम्बेडकर संविधान पर हस्ताक्षर करने वाले दिन ही इसकी चेतावनी दे चुके थे। उन्होंने कहा था कि; 'राजनीति में भक्ति या व्यक्ति पूजा संविधान के पतन और नतीजे में तानाशाही का सुनिश्चित रास्ता है।' अपनी शक्तियां किसी व्यक्ति- भले वह कितना ही महान क्यों न हो- के चरणों में रख देना या उसे इतनी ताकत दे देना कि वह संविधान को ही पलट दे 'संविधान और लोकतंत्र' के लिए खतरनाक स्थिति है।' 17 सितम्बर की फूहड़ भक्ति के कोलाहली वृंदगान में बाबा साहब की यह चेतावनी बार-बार याद आ रही थी। सरकार का दावा है कि इस दिन 2 करोड़ 16 लाख टीके लगाए गए। हालांकि स्वयं बर्थडे बॉय मोदी जी ने ढाई करोड़ वैक्सीन लगने की बात बोली है। इस दावे में कितना दूध और पानी है यह इन पंक्तियों के लेखक के परिवार में आए फाइनल वैक्सीनेशन के दो-दो प्रमाणपत्रों से समझा जा सकता है।

पहला प्रमाणपत्र 26 अप्रैल का है जिस दिन सचमुच में दूसरा टीका लगा था। मगर इसके बाद 17 सितम्बर को दूसरा प्रमाणपत्र भी आ गया जिसमें इस दिन फिर दूसरा टीकाकरण संपन्न होने की इत्तला दी गई। ऐसा फर्जीवाड़ा कितनों के साथ हुआ होगा इसका अनुमान ही लगाया जा सकता है। इसी तरह का दूसरा फर्जीवाड़ा खुद सरकारी आंकड़ों से उजागर हो जाता है जिसमें 17 सितम्बर के जन्मदिन को लगे टीकों और ठीक उसके एक दिन पहले और एक दिन बाद के टीकों की संख्या में जमीन-आसमान का अंतर है। ज्यादा विस्तार में जाने की बजाय सिर्फ पक्के भाजपा शासित 5 राज्यों के ही आंकड़े देख लेना ठीक होगा।' इन पांच प्रदेशों में हैप्पी बर्थ डे के दिन सबसे ज्यादा 31 लाख 77 हजार 382 टीके लगाने का दावा कर्नाटक का है। जबकि ठीक एक दिन पहले 16 सितम्बर को यहां मात्र 81 हजार 383 और एक दिन बाद 18 सितम्बर को सिर्फ 2 लाख 47 हजार 464 टीके लगे। मोदी जी जिसे अपना मानते हैं उस गुजरात में 17 को जो संख्या 24 लाख 73 हजार 539 दिखाई गई वह 16 को दस गुना कम सिर्फ ढाई लाख और 18 को छह गुना कम केवल चार लाख रह गई।

मध्यप्रदेश में रिकॉर्ड वाले दिन 29 लाख 4 हजार 611 टीके लगना बताया गया, जबकि एक दिन पहले यह संख्या सिर्फ 6 लाख 85 हजार 339 और एक दिन बाद 7 लाख 4 हजार 721 थी। यही हाल योगी के उत्तरप्रदेश का था जहां 17 सितम्बर का दावा 25 लाख 20 हजार 473 था जबकि 16 को सिर्फ 4 लाख 43 हजार 926 तथा 18 को 6 लाख 13 हजार 572 टीके लगे। असम में भी यह अंतर 6 गुना था। यहां 17 को 7 लाख 90 हज़ार 293 का दावा किया गया जबकि इसके एक दिन पहले यह संख्या 1 लाख 69 हजार 21 और एक दिन बाद 1 लाख 98 हजार 344 थी। इस तरह इस कथित उपलब्धि पर भी गोयबल्स का ही सील सिक्का लगा हुआ था। झूठ बड़ा बोलो, आंकड़ों सहित बोलो और बार-बार बोलो। वैसे अमिधा में देखा जाए तो मोदी जी के लिए ऐसी ही बर्थडे गिफ्ट उचित है। इसलिए भी कि उनके तो जन्मदिन भी दो-दो बताये जाते हैं। बहरहाल, जैसा कि होता है कि मोर जब आत्ममुग्ध होकर नाच रहा होता है तब असल में खुद की नग्नता को ही उजागर कर रहा होता है ठीक उसी तरह जब रिकॉर्ड टीकाकरण की सफलताओं की डींगें हांकी जा रही थीं तब अपरोक्ष तरीके से मोदी सरकार वैक्सीनेशन करने के मामले में अपनी आपराधिक असफलताओं को स्वीकार कर रही थी। यदि मोदी-दिवस पर दो-ढाई करोड़ टीके लगाए जाने की क्षमता देश के पास है (वैसे इस देश में एक ही दिन में 12 करोड़ वैक्सीनेशन का रिकॉर्ड रहा है) तो फिर टीकाकरण की रफ्तार इतनी सुस्त क्यों हैं क्या 40-50 लाख मौतों का इंतजार इसीलिए किया गया कि जन्मदिन के दिन एक रिकॉर्ड बनाया जा सके जो भी है वह अक्षम्य है। जिसे उपलब्धि बताया जा रहा है वह दरअसल अभियुक्त द्वारा खुद के खिलाफ एक स्वप्रमाणित दस्तावेजी सबूत है- जिसके आधार पर सामान्य रिवाज संसदीय लोकतंत्रों में सरकारों के इस्तीफे होने का है मगर इधर स्वयंसिद्ध नाकाबलियत को सुर्खाब का पर मानकर मुकुट की तरह धारण किया जा रहा है।

शाखा में यही तो सिखाया जाता है। लेकिन अभी तो यौमे पैदाइश के जश्न का सिर्फ आगाज़ हुआ है; रंगारंग कार्यक्रमों और घर फूंक आतिशबाजी के नजारों तक पहुंचने का अंजाम तो अभी बाकी है। साहिर लुधियानवी के शब्दों में कहें तो 'तर्फ़्तर्क़ीर-ए-शहर के तन पर लिबास बाक़ी है / अमीर-ए-शहर के अरमां अभी कहां निकले!!' वाह! मोदी जी वाह!! की इसी धुन में सुनते हैं कि डाकखाने को हुक्म दिया गया है कि वह 5 करोड़ पोस्टकार्ड छापे- जिसे थैंक्यू मोदी जी लिख कर बर्थडे बॉय के लिए भिजवाने के लिए भाजपा की इकाइयों को दिया जाएगा। सवाल यह नहीं है कि पहले से ही खाली जेब चौराहे पर नीलामी के लिए खड़े कर दिए गए डाक विभाग पर क्या गुजरेगी- सवाल यह है कि ये डाकखाने है या भारतीय जनता पार्टी के पोस्टर बॉय के पर्चे-पोस्टर छापने वाले छापाखाने इन सारी जुगुप्सा जगाने वाली वारदातों के बीच खैरियत की बात यह है कि भारत दैट इज इंडिया नाम के सॉवरिन सेक्युलर डेमोक्रेटिक रिपब्लिक में एक पब्लिक है अभी और वो सब जानती है। यही पब्लिक 17 सितम्बर के इस झूठे, कल्पित और आभासीय रिकॉर्ड के खिलाफ 27 सितम्बर को भारत बंद करके प्रतिरोध का सच्चा, स्वरचित और वास्तविक विश्व रिकॉर्ड बनाएगी। दस महीने पूरे कर चुके ऐतिहासिक किसान आंदोलन के रिकॉर्ड को और आगे बढ़ाते हुए, इसमें मजदूरों, कर्मचारियों, महिलाओं और छात्र-युवाओं की सचमुच की हिस्सेदारी कराते हुए कारवां उत्तरप्रदेश और उत्तराखण्ड होते हुए और आगे बढ़ेगा। इस किसान आंदोलन के साथ खड़ी हुई 19 राजनीतिक पार्टियों का मुद्दा आधारित एकता बनाना भविष्य की राह हमवार करेगा; क्योंकि झूठ दीर्घायु नहीं होते- क्योंकि अंधियारे की होती उम्र दराज नहीं।

# तालिबान के विरोध में अमेरिका बनाम चीन का साथ

**भरत झुनझुनवाला**

हमें तय करना होगा कि बड़ा दुश्मन कौन–तालिबान-पाकिस्तान या चीन चीन के साथ हमारी दुश्मनी 1962 के युद्ध से शुरू हुई है। उस समय भी चीन ने हमें सबक सिखाया था लेकिन हमारी भूमि पर कब्ज़ा नहीं किया था। नेविल मैक्सवेल द्वारा लिखी पुस्तक 'इंडियाज चाइना वार' के अनुसार भारत के रक्षा मंत्री कृष्णा मेनन ने चीन को उकसाया था। उस खोजबीन में जाने के स्थान पर आगे की देखनी चाहिए। तालिबान और पाकिस्तान के गठबंधन की कश्मीर पर निगाह है। ये दोनों पूरी तरह आपस में गुंथे हुए हैं। हमें तय करना है कि इस गठबंधन का सामना करने के लिये हम अमेरिका का साथ लेंगे अथवा चीन का एक संभावना यह है कि भारत और अमेरिका तालिबान-पाकिस्तान और चीन के गठबंधन का सामना करें। दूसरी संभावना है कि भारत और चीन मिलकर तालिबान-पाकिस्तान के गठबंधन का सामना करें। आज विश्व का सामरिक विभाजन अमेरिका और चीन के बीच है। हम अमेरिका का साथ देंगे तो अमेरिका के दुश्मन चीन की स्वाभाविक प्रवृत्ति होगी कि वह तालिबान एवं पाकिस्तान के साथ जुड़े। यों भी चीन के पाकिस्तान के साथ मधुर सम्बन्ध हैं इसलिए चीन का झुकाव मूल रूप से तालिबान पाकिस्तान की तरफ होगा। लेकिन यह गठबंधन हमारे लिए कष्टप्रद होगा क्योंकि तब हमारे पश्चिमी छोर से पूर्वी छोर तक तालिबान-पाकिस्तान-चीन के गठबंधन द्वारा हम घेर लिए जायेंगे। इसके अतिरिक्त पाकिस्तान-चीन के गठबंधन को चीन की आर्थिक सहायता मिल जायेगी तो वह ताकतवर हो जायेगा।

इसलिए हमें दूसरी संभावना पर विचार करना चाहिए कि भारत और चीन मिलकर तालिबान-पाकिस्तान के गठबंधन का सामना करें। यह संभावना वर्तमान में कठिन दिखती है लेकिन मेरे आकलन में यह असंभव नहीं है। कारण यह कि चीन को पाकिस्तान से जो लगाव है वह मुख्यतः वाणिज्यिक है। यदि चीन को भारत से वाणिज्यिक और व्यापारिक लाभ मिलता है तो चीन को पाकिस्तान का त्याग करने में कठिनाई नहीं होगी। उस स्थति में भारत और चीन मिलकर पाकिस्तान और तालिबान के गठबंधन का सामना कर सकेंगे। अतः हमें अमेरिका और चीन के बीच अपने सहयोगी का चयन करना है।

अपने सहयोगी को चिन्हित करने के लिए सर्वप्रथम उसकी ताकत को आंकना जरूरी है। इसमें कोई संशय नहीं कि बीते 100 वर्षों में विश्व के अधिकांश तकनीकी आविष्कार पश्चिमी देशों अथवा अमेरिका द्वारा किये गये हैं। ये आविष्कार ही अमेरिका की ताकत है। जैसे परमाणु बम, जेट हवाई जहाज, सुपर कम्प्यूटर, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, इंटरनेट इत्यादि ये सभी आविष्कार अमेरिका द्वारा किये गये। लेकिन बीते दो दशक में चीन ने तकनीकी क्षेत्र में भारी प्रगति की है। चीन ने स्वयं अपने लड़ाकू विमान बनाये हैं और इन्हें राफेल से नहीं खरीदा है। उन्होंने परमाणु अस्त्र बना लिए हैं, मंगल ग्रह में अमेरिका की बराबरी में अपने यान को उतरा है और अमेरिका से आगे बढ़कर सूर्य के बराबर का तापमान अपनी प्रयोगशाला में बनाया है। चीन के ज़ूम और कैम स्कैनर जैसे ऐप प्रतिबंधों के बावजूद भारत और अमेरिका में पूरी तरह व्याप्त है। इसलिए पूर्व में अमेरिका ने जो भी तकनीकी महारत हासिल की थी वह वर्तमान में फिसल गई है। आज चीन और अमेरिका तकनीकी दृष्टि से बराबर से दिखते हैं। इसलिए तकनीकी आधार पर हम अपने मित्र का चयन नहीं कर सकते हैं। चीन की आर्थिक ताकत भी अमेरिका के बराबर पहुंच चुकी है। सहयोगी चयन करने का एक आधार सामरिक है। अमेरिका के भारत पर कई उपकार हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इंग्लैण्ड के प्रधानमंत्री विन्सेंट चर्चिल अमेरिका के राष्ट्रपति रूजवेल्ट से मिलने अमेरिका गए थे। उन्होंने रूजवेल्ट को विश्व युद्ध में इंग्लैण्ड की मदद करने का आग्रह किया। बताते हैं कि रूजवेल्ट ने मदद देने की एक शर्त यह रखी है कि इंग्लैण्ड को भारत जैसे अपने उपनिवेशों को स्वतंत्र करना होगा। हम मान सकते हैं रूजवेल्ट का वह दबाव भी इंग्लैण्ड द्वारा भारत को स्वतंत्रता दिलाने में कुछ हद तक कारगर रहा होगा। इसके बाद 60 के दशक में अमेरिका ने भारत को पब्लिक लॉ 480 के अंतर्गत मुफ्त अनाज भारी मात्र में उपलब्ध कराए थे। उस समय हमारे देश में सूखा पड़ गया था और हम भुखमरी के कगार पर आ गये थे। अमेरिका के इन उपकारों को मानते हुए हमें अमेरिका के दूसरे पक्ष को भी देखना होगा। अमेरिका ने सऊदी अरब में लोकतंत्र विरोधी सरकार का निरंतर साथ दिया है, पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमान समेत तमाम सहायता दी है जिनका उपयोग पाकिस्तान के द्वारा भारत का विरोध किया जा सकता है, अफगानिस्तान में अपने द्वारा बनाई गई सरकार को जिस प्रकार अमेरिका छोड़ कर भागा है उससे विश्वास कम ही पैदा होता है। पूर्व में दक्षिण वियतनाम में भी ऐसा ही हुआ था। अतः अमेरिका का अपने साथियों के प्रति व्यवहार भी बहुत आशाजनक नहीं रहा है। हाल में ही यूरोपीय देशों के प्रमुख ने कहा है कि अब यूरोपीय देशों को विश्व स्तर पर सैन्य गतिविधियां करने के लिए अमेरिका के इतर अपनी ताकत को बनाना होगा। इसलिए पूर्व में अमेरिका का चरित्र जो भी रहा हो, वर्तमान में अमेरिका स्थायी एवं ठोस साथी बना रहेगा यह संदेह का विषय बना रहता है।

दूसरी तरफ हमारा चीन से 1962 से शुरू हुआ सरहद का विवाद लगातार जारी है। चीन ने हमको चारों तरफ से घेरने का प्रयास किया है जैसे श्रीलंका, म्यांमार और बांग्लादेश को भारी ऋ ण दिए हैं। अतः हमारे सामने कुएं और खाई के बीच चयन करने जैसी स्थिति है। अमेरिका भरोसेमंद नहीं है जबकि चीन के साथ हमारा लगातार विवाद रहा है। इन दोनों विकल्पों को सैन्य दृष्टि से भी देखना चाहिए। यदि हम चीन के साथ हाथ मिलाते हैं तो भारत-चीन का गठबंधन तालिबान-पाकिस्तान के गठबंधन पर अंकुश करने में सफल होने की संभावना अधिक दिखती है। चूंकि तब तालिबान-पाकिस्तान को हम घेर सकेंगे। लेकिन इस दिशा में हमें चीन के साथ अपना सरहद का विवाद निपटाना पड़ेगा। दूसरी तरफ यदि हम अमेरिका के साथ हाथ मिलाते हैं तो तालिबान-पाकिस्तान-चीन का विशाल गठबंधन हमारे सामने खड़ा होगा जिसका सामना करना कठिन होगा। चूंकि चीन की आर्थिक ताकत इस गठबंधन को पोसेगी। अमेरिका के भरोसेमंद न होने का संकट भी बना रहेगा। इसलिए मेरा मानना है कि हमें चीन के साथ अपने सरहद के विवाद को निपटाना चाहिए और वर्तमान में जो बड़ा संकट तालिबान-पाकिस्तान-चीन के गठबंधन के बनने का हमारे सामने खड़ा हुआ है उसे क्रियान्वित होने से रोकने का प्रयास करना चाहिये। हमें तय करना होगा कि बड़ा दुश्मन कौन–तालिबान-पाकिस्तान या चीन चीन के साथ हमारी दुश्मनी 1962 के युद्ध से शुरू हुई है। उस समय भी चीन ने हमें सबक सिखाया था लेकिन हमारी भूमि पर कब्ज़ा नहीं किया था। नेविल मैक्सवेल द्वारा लिखी पुस्तक 'इंडियाज चाइना वारप् के अनुसार भारत के रक्षा मंत्री कृष्णा मेनन ने चीन को उकसाया था। उस खोजबीन में जाने के स्थान पर आगे की देखनी चाहिए। इस समय हमें चीन से कम और तालिबान-पाकिस्तान से खतरा अधिक है। इसलिए छोटे दुश्मन चीन से मिलकर बड़े दुश्मन तालिबान-पाकिस्तान का सामना करना चाहिए।

# चौटाला की जींद रैली और विपक्षी एकता के यक्ष प्रश्न

**राजेंद्र शर्मा**

इस समर्थन के लिए इसका भरोसा होना भी जरूरी है कि संघ-भाजपा के सत्ता से हटाने का दावा करने वाली विपक्षी कतारबंदी, सचमुच आम जनता के हितों की रक्षा करेगी, उन्हें आगे बढ़ाएगी। जनता के मुद्दों पर संघर्ष के पक्ष में विपक्ष की बढ़ती एकता, ऐसा भरोसा दिलाने वाला राजनीतिक-नीतिगत मंच बनाएगी और विपक्षी पार्टियों को उसके प्रति प्रतिबद्घ भी करेगी। ऐसी एकता ही विपक्षी पार्टियों की बढ़ती संख्या को अंध-कांग्रेसविरोध की वैचारिक ग्रस्तता से भी निकालेगी।

यह भारत में विपक्षी एकता का सीजन है। विपक्षी एकता के चर्चे हवाओं में हैं। ऐसे में अचरज की बात नहीं है कि शिक्षक भर्ती घोटले में अपनी सजा पूरी कर, हरियाणा में फिर से अपनी राजनीतिक जमीन दोबारा हासिल करने की कोशिश कर रहे ओमप्रकाश चौटाला, ऐलान कर गैर-कांग्रेसी, गैर-भाजपा पार्टियों को एकजुट करने के लिए मैदान में कूद पड़े हैं। इस अभियान के लिए, उनके लिए चौधरी देवीलाल के जन्म दिन पर आयोजित रैली से उपयुक्त दूसरा मौका नहीं हो सकता था। आखिरकार, चौधरी देवीलाल इमर्जेंसी के दौर से सामने आई कांग्रेसविरोधी विपक्षी एकता के प्रमुख स्तंभों में एक रहे थे और इसी विपक्षी एकता के बल पर देश के उप-प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचे थे।

25 सितंबर को जींद में आयोजित रैली के लिए, लगभग तमाम गैर-कांग्रेस, गैर-भाजपा पार्टियों को आमंत्रित किया गया है और चौटाला ने खुद कई विपक्षी नेताओं से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रित किया है। बिहार की जदयू-भाजपा गठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री, नीतीश कुमार के साथ उनकी मुलाकात ने खासतौर पर लोगों का ध्यान खींचा है। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा अपने आंदोलन के दस महीने पूरे होने पर प्रस्तावित, भारत बंद की तारीख, आगे खिसका कर 27 सितंबर किया जाना, देवीलाल के नाम के महत्व की ओर ही इशारा करता है।

बेशक, यह तो आने वाले दिनों में ही पता चलेगा कि जींद रैली में अंततः कौन-कौन से नेता जुटते हैं इससे भी महत्वपूर्ण सवाल यह है कि विपक्षी नेताओं के इस जमावड़े से क्या विपक्षी एकता के प्रयासों को क्या कोई वास्तविक गति मिलेगी वास्तव में यह कहना गलत नहीं होगा कि विपक्षी नेताओं के इस जमावड़े के जरिए, ओमप्रकाश चौटाला की पहली कोशिश तो देवीलाल के असली उत्तराधिकारी के रूप में अपना दावा मजबूत करने तथा अपने सहारे पार्टी के आईएनएलडी गुट की ताकत बढ़ाने की ही होगी। उनकी कोशिश होगी कि देवीलाल की विरासत की लड़ाई में, बागी होकर भाजपा के साथ गठजोड़ सरकार में मुख्यमंत्री बन गए, अपने पोते दुष्यंत चौटाला की जेजेपी को, अगर बेदखल नहीं भी किया जा सके तो, इतना कमजोर जरूर कर दिया जाए कि वह खुद, किसी सुलह-समझौते के लिए मजबूर हो जाए। इसी से आईएनएलडी अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने की उम्मीद कर सकती है। सभी जानते हैं कि करीब दस महीने से जारी किसान आंदोलन के निशाने पर, हरियाणा सरकार के हिस्से के तौर पर दुष्यंत चौटाला की पार्टी भी आई है और इसे ओमप्रकाश चौटाला गुट, देवीलाल की विरासत के अपने दावे को मजबूत करने के लिए, सबसे अनुकूल मौका मान रहा है। इसलिए, जींद रैली में किसान आंदोलन का खूब जोर-शोर से समर्थन किया जाना भी तय है। वैसे भी देवीलाल की छवि तो चौधरी चरणसिंह के बाद, उत्तरी भारत के सबसे बड़े किसान नेता की ही है।

अचरज नहीं होगा कि जींद रैली, अन्य अनेक गैर-कांग्रेसी विपक्षी नेताओं को एक मंच पर लाने के अलावा एक ओर प्रकाशसिंह बादल और दूसरी ओर नीतीश कुमार को एक मंच पर लाने में कामयाब हो जाए। किसान आंदोलन के दबाव में ही अकाली दल को, सत्ताधारी एनडीए से नाता तोड़ना पड़ा था, जबकि नीतीश कुमार और भाजपा के रिश्तों की असहजता किसी से छुपी नहीं है। दोनों अगर जींद रैली में पहुंचते हैं, तो यह एक बड़ी खबर होगी और इससे विपक्षी एकता के प्रयासों में एक नया तत्व जुड़ेगा। असंभव नहीं है कि विपक्षी एकता के प्रयासों के प्रति अब तक आम तौर पर उदासीन ही रहीं क्षेत्रीय पार्टियों में से भी किसी पार्टी की हाजिरी इस रैली में नजर आ जाए। अगर ऐसा होता है तो प्रकटतः इससे विपक्षी एकता के प्रयासों को कांग्रेस-विरोधी रास्ते पर ले जाने की कोशिशों को, कुछ न कुछ बल अवश्य मिलेगा।

फिर भी, ज्यादा से ज्यादा निरंकुश होते मोदी निजाम के मुकाबले, एक वास्तविक अखिल भारतीय विकल्प के उभरने में, इससे कोई खास प्रगति होने की संभावना दिखाई नहीं देती है। इसकी वजह यह है कि इस तरह की कोई भी पहल, विपक्षी एकता के अंकगणित के एक साधारण से किंतु निर्णायक प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थ है। प्रश्न यह है कि भाजपा के साथ ही, सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी, कांग्रेस को भी निशाने पर लेकर चलने वाला ऐसा कोई भी प्रयास, मोदी राज का व्यावहारिक विकल्प कैसे पेश कर सकता है वास्तव में व्यावहारिक रूप से देखा जाए तो, भाजपा के साथ ही कांग्रेस के भी विरोध से संचालित विपक्षी एकता की कोई भी कोशिश, मोदी सरकार के खिलाफ संसद के मानसून सत्र में जिस हद तक विपक्षी एकता देखने को मिली है, उसे आगे ले जाने के बजाय, उसे तोड़ने का ही दबाव बना रही होगी। इस लिहाज से इसे विपक्षी एकता की कोशिश कहना भी कितना सही होगा, यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है इसे तो विपक्ष को बांटने की ही कोशिश माना जाएगा। और ठीक इसीलिए, ऐसी किसी भी कोशिश का जनता के अनुमोदन के अभाव में टांय-टांय फिस्स होकर रह जाना या अंततः विपक्षी ध्रुव में खुद को समायोजित करने पर मजबूर हो जाना तय है।

भाजपा-आरएसएस के केंद्र में सत्ता में आने के बाद, तीसरे मोर्चे की राजनीति के दिन सचमुच खत्म हो चुके हैं, जो कांग्रेस के राजनीतिक वर्चस्व के दौर में और उसके सामने व्यावहारिक चुनौती पेश करने के लिए उभरकर सामने आई थी। बाबरी मस्जिद के ध्वंस के साथ ही, तीसरे मोर्चे की राजनीति का भी अंत हो गया। 1996-97 के दौरान आईं देवगौड़ा तथा गुजराल की संयुक्त मोर्चा सरकारें, भाजपा के नेतृत्व वाले गठजोड़ के वर्चस्व के खिलाफ केंद्रित और कांग्रेस द्वारा समर्थित थीं।

यूपीए-1 के दौर में, विपक्षी ध्रुव पर कांग्रेस और अन्य ताकतों के बीच का समीकरण पलट गया, जबकि विरोधी ध्रुव पर एनडीए ही बना रहा। और जहां तक वर्तमान का सवाल है, यह समझने के लिए राजनीति का विशेष ज्ञान होने की जरूरत नहीं है कि 2019 के चुनाव में 40 फीसद से ज्यादा वोट जुटाने में समर्थ हुए, मोदी-आरएसएस के नेतृत्व वाले मोर्चे को व्यावहारिक चुनौती, इस मोर्चे के खिलाफ या उससे बाहर पड़े करीब 60 फीसद वोट को कमोबेश एक ध्रुव पर इकट्ठा करने में समर्थ विपक्षी एकता से ही दी जा सकती है। वक्त का तकाजा है, व्यापक से व्यापक दूसरा मोर्चा, न कि तीसरे-चौथे मोर्चे खड़े करने की विभाजनकारी कवायद। लेकिन, यह दूसरा मोर्चा या व्यावहारिक विकल्प, सिर्फ अंकगणित का प्रश्न नहीं है। बेशक, प्रशांत किशोर का चर्चित अंकगणित, ऐसे मोर्चे की दिशा में बढ़ने में कुछ मददगार लगता है। इस अंकगणित का मूल सूत्र यह है कि दो सौ-सवा दो सौ सीटों पर कमोबेश सीधे, कांग्रेस और भाजपा का मुकाबला होना है। इन सीटों पर विपक्ष की ओर से कांग्रेस ही भाजपा तथा उसके सहयोगियों को चुनौती दे। और शेष तीन सौ से ज्यादा सीटों पर, जहां जो पार्टी क्षेत्रीय रूप से मजबूत है, वही अधिकतम-संभव एकता के साथ विपक्ष की ओर से सत्ताधारी गठबंधन को चुनौती दे। इस तरह की थोड़ी ढीली-ढाली विपक्षी कतारबंदी, एक व्यावहारिक चुनौती बन सकती है। लेकिन, यह गणित कागज पर जितना आसान लगता है, उसे व्यवहार में उतारना उतना ही मुश्किल बल्कि असंभव है। फिलहाल तो स्थिति यह है कि आंध्र प्रदेश, तेलंगाना तथा ओडिशा के सत्ताधारी क्षेत्रीय दल, न सिर्फ सचेत रूप से विपक्षी एकता के सभी प्रयासों से दूर बने रहे हैं बल्कि संसद में जब-तब मोदी राज की मदद भी करते रहे हैं। वास्तव में कांग्रेस-विरोधी मुद्रा, उनके इस रुख के लिए सैद्घांतिक जामा मुहैया कराती है। इतना ही नहीं, बसपा तथा यहां तक कि सपा भी, सबसे बढ़कर उत्तर प्रदेश में विपक्ष में अपने वर्चस्व की चिंता में, विपक्षी एकता के प्रयासों के प्रति दुविधापूर्ण स्थिति बनाए रहे हैं। कहने का अर्थ यह कि वैकल्पिक कतारबंदी के प्रश्न का अंकगणित के प्रश्न के रूप में हल होना मुश्किल बल्कि असंभव ही है।

वास्तव में इस प्रश्न को रसायन-गणित यानी रसायन आधारित अंकगणित के प्रश्न के रूप में ही हल किया जा सकता है। यह रसायन आएगा जनता की इच्छा से, उसके समर्थन से। विपक्षी एकता में यह रसायन सिर्फ मोदी राज के विरुद्घ विपक्षी नेताओं को जमा करने से नहीं पैदा होगा। यह रसायन पैदा होता है अपने हितों के लिए, जनता के प्रमुख हिस्सों की शासन से टक्कर से। संघर्षों के बीच से अपने वास्तविक हितों के प्रति ज्यादा से ज्यादा जागरूक होती और अपने हितों के अनुकूल पड़ने वाली राजनीति तथा राजनीतिक ताकतों को ज्यादा से ज्यादा पहचानती जनता का दबाव ही, न सिर्फ मौजूदा सत्ताधारियों से बाहर की सभी ताकतों पर एकजुट होने का दबाव बनाएगा, बल्कि खुद सत्ताधारियों के जनसमर्थन को उत्तरोत्तर कमजोर करेगा। ऐतिहासिक किसान आंदोलन ने मोदी राज और भाजपाई राज्य सरकारों के खिलाफ भी जन गोलबंदी का रास्ता दिखा दिया है।

खासतौर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इस आंदोलन ने, सांप्रदायिक विभाजन की राजनीति के संघ-भाजपा के मुख्य हथियार को काफी भोंथरा कर के भी दिखा दिया है। इसी तरह मजदूरों, रोजगार की तलाश में भटकते युवाओं और अपनी सुरक्षा व अधिकारों के लिए लड़ते दलितों, महिलाओं तथा अल्पसंख्यकों के संघर्षों में, यह रसायन बन रहा है और आगे-आगे और तेजी से बनेगा।

## बल्लेबाजी के एक और बड़े रिकॉर्ड पर विराट कोहली का कब्जा, ऐसा करने वाले बने पहले भारतीय बल्लेबाज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विराट कोहली ने आईपीएल 2021 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ जारी मैच में इतिहास रच दिया है। विराट ने टी-20 क्रिकेट में अपने 10 हजार रन पूरे कर लिए हैं और वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली विश्व क्रिकेट में ऐसा करने वाले महज पांचवें बल्लेबाज हैं। उनसे पहले क्रिस गेल, कीरोन पोलार्ड, शोएब मलिक और ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ही क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में दस हजार रन बना सके हैं। विराट ने गेल के बाद सबसे तेज दस हजार रन भी पूरे किए हैं और उन्होंने बाकी तीनों बल्लेबाजों को इस मामले में पीछे छोड़ दिया है। विराट कोहली ने मुंबई के खिलाफ अपना 13वां रन बनाते ही यह खास मुकाम हासिल किया। उन्होंने अपने टी-20 करियर की 299वीं पारी में 10 हजार रनों के आंकड़े को छुआ। कोहली फटाफट क्रिकेट के इस फॉर्मेट में अबतक 5 शतक और 73 अर्धशतक जमा चुके हैं और उनका सर्वाधिक स्कोर 113 रन रहा है। आपको बता दें कि आईपीएल में विराट 6 हजार से ज्यादा रन बनाने वाले इकलौत बल्लेबाज हैं। चेन्नई के खिलाफ खेले गए आखिरी मैच में आरसीबी के कप्तान 53 रन बनाकर आउट हो गए थे और इस उपलब्धि को हासिल करने से चूक गए थे। भारत की तरफ से कोहली के बाद टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रोहित शर्मा हैं, जिन्होंने 351 मैचों की 338 पारियों में अबतक कुल 9348 रन बनाए हैं। इस दौरान हिटमैन ने छह शतक और 65 अर्धशतक जमाए हैं। हाल में ही विराट ने ऐलान किया था कि वह टी-20 विश्व कप के बाद टीम इंडिया की टी-20 कप्तानी छोड़ देंगे। इसके ठीक दो दिन बाद कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की कप्तानी से भी हटने का फैसला सुनाया था। आईपीएल 2021 के बाद विराट आरसीबी में बतौर एक खिलाड़ी खेलेंगे।

## इतिहास रचने वाली झूलन गोवस्वामी ने विनिंग शॉट लगाकर इस अंदाज में मनाया जश्न



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज के अंतिम मुकाबले में रविवार को ऑस्ट्रेलिया को दो विकेट से हरा दिया। इस जीत के बाद भारतीय टीम सीरीज में क्लीन स्वीप होने से बच गई। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने 2-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय टीम ने इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के पिछले 26 वनडे मैचों से चले आ रहे जीत के सिलसिले को भी तोड़ दिया। भारत ने ऑस्ट्रेलियाई टीम से मिले 265 रनों के लक्ष्य को आठ विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस मैच से अपने करियर में एक नई कीर्तिमान स्थापित करने वाली झूलन गोस्वामी ने पहले तो गेंद से नई उपलब्धि हासिल की। झूलन ने नया इतिहास रचते हुए अपने करियर में 600 विकेट पूरे किए। इसके बाद उन्होंने बल्लेबाजी में भी विनिंग शॉट लगाकर कंगारूओं के 26 मैचों से चली आ रही विजय अभियान को रोक दिया। 2021 में यह दूसरी बार है जब भारत ने लगातार जीत दर्ज करती आ रही ऑस्ट्रेलियाई टीम की विजय अभियान पर ब्रेक लगाया है। महिला टीम से पहले भारत की पुरुष टीम ने भी इस साल ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम के लगातार 31 टेस्ट मैच जीतने के सिलसिले पर रोक लगाई थी। गोवस्वामी ने सात गेंदों पर एक चौके की मदद से नाबाद 7 रनों की पारी खेली। लेकिन सबसे बड़ी बात यह रही कि उन्होंने विनिंग शॉट लगाकर ऑस्ट्रेलियाई टीम के लगातार 26 वनडे मैचों से चली आ रही जीत के सिलसिले को तोड़ दिया। झूलन विनिंग शॉट लगाने के बाद खास अंदाज में जश्न मनाने लगी।

गोस्वामी ने इससे पहले, गेंदबाजी में भी कमाल करते हुए एक नई उपलब्धि अपने नाम कर ली। उन्होंने आस्ट्रेलियाई पारी के 9वें ओवर में कंगारू टीम को दो झटके देते हुए रैसेल हेंस और मेग लैनिंग को पवेलियन की राह दिखाई। इस ओवर में पहला विकेट लेते ही गोस्वामी ने अपने विकेटों की संख्या 600 कर ली। गोस्वामी के नाम पहले ही वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज है, जिसमें उन्होंने 192 मैच खेलकर 239 विकेट चटकाए हैं। भारत की ओर से इस मैच में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने पहले विकेट के लिए 59 रन जुटाए। मंधाना 22 रन बनाकर आउट हुईं।

## अपनी गलती से रनआउट हुए शुभमन गिल, युवा बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर पर ऐसे दिखाया गुस्सा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2021 के 38वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से हो रहा है। केकेआर के कप्तान इयोन मोर्गन ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया है।

शुभमन गिल के जल्दी आउट होने के बाद वेंकटेश अय्यर और राहुल त्रिपाठी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए टीम को 5 ओवर में स्कोर बोर्ड पर 50 रन लगा दिए हैं। गिल बल्ले से कुछ खा नहीं कर सके और रन चुराने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। गिल आउट होने के बाद वेंकटेश अय्यर पर अपना गुस्सा दिखाते हुए नजर आए। कोलकाता की टीम इस मैच में बिना किसी बदलाव के उतरी है, जबकि सीएसके ने सैम करन को ड्वेन ब्रावो की जगह पर शामिल किया है। दरअसल, पारी के पहले ओवर में ही दीपक चाहर की तीसरी और चौथी गेंद पर चौका लगाकर शुभमन गिल ने ताबड़तोड़ शुरुआत की, लेकिन इसी ओवर की आखिरी गेंद पर वह रन चुराने के चक्कर में जल्दबाजी कर बैठे और अंबाती रायडू की डायरेक्ट थ्रो पर अपना विकेट गंवा बैठे। गिल वेंकटेश अय्यर से अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए नजर आए, जबकि युवा बल्लेबाज ने रन लेने के लिए गिल को मना भी किया। शुभमन गिल 5 गेंदों में 9 रन बनाकर आउट हुए। मुंबई के खिलाफ भी केकेआर का यह सलामी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत करने के बाद अपना विकेट तोहफे के तौर पर भेंट करके चलता बना था।

केकेआर ने यूएई लेग का आगाज शानदार तरीके से किया है और टीम ने पहले दोनों ही मैचों में जीत दर्ज की है। इयोन मोर्गन की अगुवाई में टीम ने पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को तो दूसरे मैच में डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस को शिकस्त दी थी। कोलकाता की टीम 9 मैचों में 4 जीत के साथ इस मैच से पहले प्वॉइंट टेबल में चौथे नंबर पर काबिज है। हालांकि, टीम के लिए प्लेऑफ के लिहाज से हर मैच काफी मायने रखने वाला है।

## आखिरी वनडे 2 विकेट से जीता भारत, कंगारू टीम के 26 मैचों के विजय अभियान पर लगाई रोक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिलाओं ने ऑस्ट्रेलिया टीम को वनडे सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में दो विकेट से हराते हुए सम्मान की लड़ाई जीत ली है। टीम इंडिया ने इस जीत के साथ ही कंगारू टीम के पिछले 26 वनडे मैचों से चले आ रहे जीत के सिलसिले को भी तोड़ दिया है। वनडे सीरीज पहले ही गंवा चुकी भारतीय टीम ने तीसरे वनडे में पहले गेंदबाजी करते हुए मेजबान टीम को निर्धारित ओवरों में 9 विकेट पर 264 रन बनाने दिए और फिर जरूरी रनों को 8 विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारत की ओर से इस मैच में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने पहले विकेट के लिए 59 रन जुटाए। मंधाना 22 रन बनाकर आउट हुईं। शेफाली के 56 रनों के अलावा यास्तिका ने 64, स्नेह राणा ने 30 और दीप्ति शर्मा ने 31 रनों की उपयोगी पारी खेली। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया ने इस सीरीज का पहला मुकाबला 9, जबकि दूसरा मैच 5 विकेट से अपने नाम किया था। अब दोनों टीमों के बीच एकमात्र टेस्ट और उसके बाद 3 टी-20 मुकाबलों की सीरीज क्वींसलैंड में खेली जानी है। टेस्ट 30 सितम्बर से शुरू होगा, जबकि टी-20 सीरीज की शुरुआत 7 अक्टूबर से होगी। पिछले मैच की तरह यह मैच भी आखिरी ओवर तक चला, जहां भारत को जीत नसीब हुई। भारत को जीत के लिए आखिरी 4 गेंदों पर 3 रन चाहिए थे। यहां तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने शानदार चौका जड़कर टीम की जीत पर मुहर लगा दी। गोस्वामी ने इससे पहले गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके थे, जिसकी वजह से उन्हें इस मैच में 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। झूलन ने ऑस्ट्रेलियाई पारी के दौरान अपने करियर में विकेटों की संख्या 600 के पार पहुंचा दी।



## केकेआर के खिलाफ मैच में धोनी को इस खिलाड़ी से रहना होगा सावधान, चेन्नई के खिलाफ जमकर चलता है बल्ला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग(आईपीएल 2021) के दूसरे चरण में रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों ने आईपीएल के दूसरे फेज में अपने दोनों मुकाबले जीते हैं। दोनों के बीच आज कांटे का मुकाबला देखने को मिल सकता है। सीएसके इस समय प्वॉइंट टेबल में दूसरे नंबर पर है और वो केकेआ को हराकर दिल्ली को टॉप से हटाकर खुद काबिज होना चाहेगी। केकेआर के खिलाफ धोनी की अगुवाई वाली सीएसके को अलर्ट रहना होगा। क्योंकि उसके खिलाफ ऑलराउंडर आंद्रे रसेल का बल्ला जमकर चलता है। अगर चेन्नई को मैच जीतना है तो उन्हें रसेल पर लगाम लगानी होगी।

## न्यूजीलैंड-इंग्लैंड का पाकिस्तान दौरा रद्द होने से बौखलाया शाहिद अफरीदी, कहा- पढ़े लिखे देश भारत को फॉलो न करें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के पाकिस्तान के दौरों से हटने से काफी निराश नजर आ रहे हैं। ?अफरीदी का मानना है कि कीवी टीम ने जो किया है उसके लिए उसे कभी माफ नहीं किया जा सकता है। न्यूजीलैंड को पाकिस्तान में सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी थी, लेकिन 17 सितंबर को रावलपिंडी में पहले वनडे मैच से कुछ घंटे पहले ही सुरक्षा खतरे का हवाला देते हुए न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान का अपना पूरा दौरा रद्द कर दिया था। न्यूजीलैंड के फैसले कुछ दिन बाद ही इंग्लैंड ने भी पाकिस्तान का दौरा रद्द कर दिया था। इंग्लैंड की मेंस और वुमेंस टीम को अगले महीने अक्टूबर में पाकिस्तान दौरे पर लिमिटेड ओवरों की सीरीज खेलनी थी। अफरीदी ने क्रिकेट पाकिस्तान से कहा, 'हम सब यह जानते हैं कि जब कभी किसी दौरे का इंतजाम किया जाता है तो सुरक्षा को लेकर काफी कड़े प्रबंध किए जाते हैं। जो देश दौरा कर रहा होता है उनके सुरक्षाकर्मियों द्वारा अच्छी तरह से जांच कराया जाता है। इसको लेकर रास्ते तय किए जाते हैं और एक बार जब यह प्रक्रिया पूरी हो जाती है तभी टीम के दौरे को हरी झंडी दिखाई जाती है। न्यूजीलैंड के क्रिकेटरों को पाकिस्तान में बहुत प्यार किया जाता है और उनके द्वारा ऐसा कुछ किया जाना माफी के लायक नहीं है। अगर किसी तरह का डर या धमकी होती तो उनको ये सब चीजें पीसीबी के साथ शेयर करनी चाहिए थी।' अफरीदी ने आगे कहा कि न्यूजीलैंड को जो मेल मिला था, वह मूल रूप से भारत से आया था। इससे पहले, पाकिस्तान के सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने बुधवार को दावा किया था कि न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को भारत की तरफ से धमकी भरा मेल आया था। फवाद चौधरी ने कहा था यह जो मेल है वो भारत की तरफ से जेनरेट किया गया था जिसकी वीपीएन लोकेशन सिंगापुर बता रहा है।' पूर्व पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, 'अगर आप इसे व्यापक तौर पर देखें तो हमें एक फैसला करने की जरूरत है।

## हर्षल-मैक्सवेल ने दिलाई आरसीबी को धमाकेदार जीत, 111 पर सिमटी मुंबई की पारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन के 39वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने मुंबई इंडियंस को 54 रनों से हराया। 166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की पूरी टीम महज 111 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से हर्षल पटेल ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए आईपीएल 2021 की पहली हैट्रिक अपने नाम की। वहीं, ग्लेन मैक्सवेल ने बल्ले से 56 रन बनाने के बाद दो बड़े विकेट भी अपने नाम किए। इससे पहले टॉस हारकर बैटिंग करते हुए बैंगलोर ने कप्तान विराट कोहली की 51 और मैक्सवेल की पारी की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट गंवाकर 165 रन बनाए थे। इस हार से अब मुंबई का प्लेऑफ में जाने का रास्ता काफी मुश्किल हो गया है।

## हर्षल पटेल हैट्रिक लेने वाले आईपीएल में 18वें और आरसीबी के तीसरे गेंदबाज बने



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन के 39वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का सामना मुंबई इंडियंस से हो रहा है। यह मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। मुंबई की पारी जारी है। आरसीबी द्वारा दिए गए 166 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम ने 6 विकेट खोकर 100 के करीब रन बना लिए हैं। इस बीच, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया है। हर्षल पटेल ने तीन गेंदों के अंदर हार्दिक पांड्या, कीरोन पोलार्ड और राहुल चाहर को पवेलियन भेजकर आईपीएल 2021 की पहली हैट्रिक अपने नाम कर ली है। इस मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने मुंबई इंडियंस को 54 रनों से हरा दिया। 166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की पूरी टीम महज 111 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इससे पहले टॉस हारकर बैटिंग करते हुए बैंगलोर ने कप्तान विराट कोहली की 51 और मैक्सवेल की पारी की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट गंवाकर 165 रन बनाए थे। इस हार से अब मुंबई का प्लेऑफ में जाने का रास्ता काफी मुश्किल हो गया है।

हर्षल आईपीएल में हैट्रिक लेने वाले 18वें गेंदबाज बन गए हैं। 2019 के बाद य?ह पहला मौका है जब किसी गेंदबाज ने आईपीएल में हैट्रिक ली है। हर्षल आरसीबी के लिए हैट्रिक लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। हर्षल से पहले आरसीबी के लिए सैमुअल बद्री ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ ही 2017 में बेंगलुरु में और प्रवीण कुमार ने 2010 में बेंगलुरु में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हैट्रिक ली थी। आईपीएल में सबसे ज्यादा हैट्रिक लेने का रिकॉर्ड दिल्ली कैपिटल्स के अमित मिश्रा के नाम है। मिश्रा ने आईपीएल में अबतक तीन बार हैट्रिक ली है। उनके अलावा युवराज सिंह ने दो बार यह कारनामा किया है। बाकी गेंदबाजों ने एक-एक बार अबतक आईपीएल में हैट्रिक ली है। 30 साल के हर्षल इस सीजन में 10 मैचों में अबतक 23 विकेट ले चुके हैं। इसमें एक बार चार विकेट और एक बार पांच विकेट भी शामिल है। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 17 रन देकर चार विकेट चटकाए।

## भगवान सच्चे भक्तों के लिए स्वयं हारने के लिए तैयार रहते है- पंडित राजन महराज

**पकड़ लो हाथ बनवारी, नही तो डूब जायेंगे....**



**अखंड भारत संदेश**

भदोही। गोपीगंज क्षेत्र के आनापुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के संगीतमय प्रवचन में कथावाचक पंडित राजन महराज ने भगवान श्रीकृष्ण के आठ विवाहों की विस्तृत चर्चा की और उपस्थित श्रोताओं को भक्तिरस का पान कराया। पंडित ने कहा कि जब कोई भी वस्तु दान किया जाता है तो दान करने वाले का पूर्ण अधिकार समाप्त हो जाता है और दान पाने वाले का पूरा अधिकार हो जाता है। समाज में जिसकी प्रतिष्ठा हो उसी से सम्पर्क बनाना चाहिए। क्योकि जिसकी समाज में प्रतिष्ठा नही है उससे सम्पर्क बनाना बेकार है। और ऐसे लोगो से सम्पर्क बनाने पर स्वयं की प्रतिष्ठा भी गिरती है। राजन महराज ने कहा कि जिसका जितना बडा परिवार होता है उसकी उतनी बडी जिम्मेदारी होती है। लेकिन भगवान अपने चरित्र के माध्यम से यह संदेश दिया कि कितनी भी बडी जिम्मेदारी हो हमें विचलित नही होना चाहिए। क्योकि भगवान श्रीकृष्ण का इतना बड़ा परिवार था लेकिन सभी में आपस एकता और प्रेम से रहते थे जो समाज के लिए एक बड़ा संदेश है। पंडित राजन महराज ने भौमापुर वध और सोलह हजार कन्याओं को उससे मुक्त कराने की कथा कही तथा बताया कि कन्याओं के निवेदन के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने कृपा करके सभी के साथ वरण करके द्वारिका में बसाया। कथा के दौरान महराज ने कहा कि लडाई धर्म के हिसाब से होना चाहिए क्योकिं न कि अधर्म का सहारा लेना चाहिए। पंडित राजन ने बताया कि ब्राह्मणों के निवेदन के बाद भक्तों की लाज बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण जरासंध से हार कर भाग गये तभी से भगवान श्रीकृष्ण का नाम रणछोड़ पड़ गया। महराज ने देश में बढती जनसंख्या पर भी चिंता जताते हुए कहा कि देश में सभी लोगों के लिए एक कानून होना चाहिए। इसलिए सभी को जागरूक हो और अपने अस्तित्व को पहचाने। कहा कि अपने भविष्य को ध्यान में देते हुए परिवार के साथ साथ देश के बारे में सोचना जरूरी है। प्रवचन के दौरान भजन गायक शुभम शुक्ला ने अपने कई भजनों के माध्यम से उपस्थित श्रोताओं को भक्ति रस में झुमने पर विवश कर दिया। इस मौके पर नारायण, संदीप मिश्र, विकास, हर्ष पाण्डेय, आदर्श, कृष्ण शास्त्री, सुभाष चन्द, राजधर तिवारी, अंशु तिवारी, प्रेमनारायण मिश्र, ज्वाला तिवारी, अनुराग, अंकुर तिवारी, अनिल शुक्ल और देवेन्द्र मिश्रा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## भोजपुरी गायक राजेश परदेशी के नवरात्र के गीत की शूटिंग हुई पूर्ण

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।**भदोही ही नही पूरे प्रदेश में अपनी गानों से परचम लहरा रहे राजेश परदेसी।इनके कई गीत जागरूकता को लेकर है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,स्वच्छता अभियान,कोरोना महामारी बचाव,पेड़ धरा का गहना है। आदि कई जागरूकता गीत,देवी गीत ,भोजपुरी गीत के माध्यम से जिले का नाम रोशन कर रहे।आज नवरात्रि को देखते हुए गोपीगंज दुर्गा मंदिर में आइल नवरात्र सजल दरबार हो गीत की शूटिंग हुई।जल्द ही यह गीत भी और गीतों के तरह धमाल मचाएगा।परदेसी ने बताया कि यह गीत पारंपरिक पचरा गीत के रूप में बनाया है।जो लोगो को बहुत पसंद आएगा।जिस मौके पर राजेश ,गायिका आराधना तिवारी,आराध्या राज तिवारी,अंकित पाण्डेय,लल्ला लाल यादव,विकाश टैलेंट विस्टा,शनि,अर्जुन सरोज,पंडाइन पूनम देवी,धनेश प्रसाद पंडा( पुजारी),रोहित आदि लोग मौजूद रहे।



## आखिरी पर गेंद पर मिली रोमांचक जीत के बाद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2021) के 38वें मैच में चेन्?नई सुपर किंग्?स ने रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को रोमांचक मैच में 2 विकेट से हरा दिया। कोलकाता ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 171 रन का स्कोर बनाया, जिसे चेन्नई ने आठ विकेट पर 172 रन बनाकर हासिल कर लिया। चेन्नई के लिए फाफ डुप्लेसी ने 45, रितुराज गायकवाड़ ने 40, मोईन अली ने 32 और रवींद्र जडेजा ने 22 रन बनाए। केकेआर के लिए सुनील नारायण ने तीन और प्रसिद्ध कृष्णा, लॉकी फ़र्ग्युसन, वरुण चक्रवर्ती तथा आंद्रे रसेल को एक-एक सफलता मिली। इस जीत के बाद चेन्नई फिर से टॉप पर पहुंच गई है। आइए, एक नजर डालते हैं आईपीएल 2021 में 38 मैचों के बाद अंक तालिका में कौन सी टीम किस स्थान पर खड़ी है।

चेन्नई ने कोलकाता के खिलाफ मिली रोमांचक जीत के बाद प्वॉइंट टेबल में फिर से टॉप स्थान हासिल कर लिया है। चेन्नई की 10 मैचों में यह आठवीं जीत थी। टीम के अब 16 अंक हो गए हैं। हालांकि दिल्ली कैपिटल्स के भी इतने ही मैचों से 16 अंक है और वह इस मैच से पहले टॉप पर थी। लेकिन अब सीएसके ने बेहतर नेट रन रेट के चलते टॉप स्थान हासिल कर लिया है। दिल्ली नेट रन रेट के कारण दूसरे नंबर पर खिसक गई है। वहीं विराट कोहली की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम नौ मैचों में पांच जीत के साथ तीसरे नंबर पर कायम है। चेन्नई से मिली करीबी हार के बावजूद कोलकाता की टीम चौथे स्थान पर कायम है। कोलकाता नाइट राइडर्स को 10 मैचों में छठी हार मिली है। टीम के खाते में आठ अंक है और वह पहले की तरह ही अपने चौथे स्थान पर बनी हुई है। पंजाब किंग्स 10 मैचों में चार जीत के साथ आठ अंक लेकर पांचवें नंबर पर है। इसके अलावा मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस पिछले दो मैचों में मिली हार के बाद छठे नंबर पर खिसक गई है। मुंबई के नौ मैचों में पांच जीत है और उसके खाते में आठ अंक है। उनके अलावा राजस्थान रॉयल्स सातवें और सनराइजर्स हैदराबाद केवल दो अंक लेकर तालिका में सबसे नीचे आठवें नंबर है। राजस्थान को पिछले मैच में दिल्ली से हार मिली थी।

### कांग्रेस पर भड़कीं ममता बनर्जी, कहा- बीजेपी से मिली हुई है पार्टी; यह है नाराजगी की वजह?

**भवानीपुर (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने ममता बनर्जी को विपक्ष का चेहरा बनाने से इनकार कर दिया तो तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने भी दूरी बना ली है। मोदी और बीजेपी सरकार के खिलाफ विपक्षी एकता की कोशिश में जुटीं ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस बीजेपी से मिली हुई है। वह बीजेपी पर भी जमकर बरसीं और कहा कि केंद्र की सत्ताधारी पार्टी देश बेचने में जुटी है। भवानीपुर से उपचुनाव लड़ रहीं ममता बनर्जी ने रविवार को एक सभा में कांग्रेस से अलग होने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा, ''मैं सीपीएम से 30 साल लड़ी। मैंने कांग्रेस पार्टी इसलिए छोड़ी थी क्योंकि सीपीएम के साथ इसकी मिलीभगत थी, जो अब तक जारी है। ये बीजेपी से भी मिली हुई है।

# 45 लाख गन्ना किसानों को योगी सरकार का तोहफा, गन्ना समर्थन मूल्य में 25 रुपये का इजाफा

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को सौगात दी है। सीएम ने घोषणा की है कि अब तक जो गन्ना 325 रुपये प्रति क्विंटल खरीदा जाता था, वह अब 350 रुपये क्विंटल में खरीदा जाएगा। इसी तरह 315 रुपये प्रति क्विंटल वाले सामान्य प्रजाति के गन्ने की कीमत अब 340 रुपये / क्विंटल मिलेगी। यही नहीं, अनुपयुक्त माने जाने वाले करीब 01 फीसदी गन्ने के मूल्य में भी 25 रुपये /क्विंटल बढ़ोतरी की गई है। अब तक 305 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदा जाने वाला अनुपयुक्त गन्ना भी अब 330 रुपये /क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने किसानों के बिजली बिल के बकाये पर ब्याज माफ करने की घोषणा की है।



सीएम योगी ने रविवार को लखनऊ स्थित डिफेन्स एक्सपो कार्यक्रम स्थल आयोजित किसान सम्मेलन में यह बड़ी घोषणाएं कीं। किसानों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का आधार किसान और गरीब कल्याण है। गन्ना मूल्य बढ़ोतरी की बहुप्रतीक्षित आस पूरी करते हुए सीएम योगी ने कहा इससे प्रदेश के 45 लाख किसानों की आय में 08 फीसदी की बढ़ोतरी होगी। सपा-बसपा सरकारों के कार्यकाल में चीनी मिलों की बंदी की याद दिलाते हुए सीएम ने 2004 से 2014 तक के कार्यकाल को देश और प्रदेश के लिए ठअंधकार युगठ बताया। उन्होंने कहा कि तब यहां अराजकता और गुंडागर्दी का बोलबाला था। प्रदेश का किसान आत्महत्या को मजबूर था और गरीब भूख से मर रहा था। सपा शासन काल के मुजफ्फरनगर दंगों की याद दिलाते हुए योगी ने कहा कि मुजफ्फरनगर दंगे में मरने वाला अगर कोई था तो किसान था। किसानों के बेटे थे। हमारी सरकार में कोई दंगा नहीं हुआ। अगर किसी ने दंगा करने की कोशिश की तो उसकी 07 पीढ़ियां जुर्माना भरते-भरते खप जाएंगी। उत्साह से लबरेज किसानों से मुखातिब योगी ने विपक्ष से पूछा कि जब किसान आत्महत्या कर रहा था, तब सपा-बसपा और कांग्रेस के लोग कहां थे'। सीएम ने कहा कि पिछली सरकारें किसानों के पेट पर लात मार रही थी। वहीं कांग्रेस की दुर्दशा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि किसानों से छल करने वाली कांग्रेस को जनता ने बोलने लायक नहीं छोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोगों के गाय-भैंस गायब हो जाते थे, चोरी कर लिए जाते हैं। पर आज स्थिति बदल चुकी है।

किसान सम्मेलन में योगी ने पिछली सरकारों में गन्ना मूल्य बकाये से लेकर बंद हुईं चीनी मिलों से किसानों की बदहाली की बात भी की। उन्होंने कहा, सपा-बसपा की सरकार में औने-पौने दाम पर चीनी मिलें बेची गईं। 250 करोड़ की चीनी मिलें 25-30 करोड़ रुपये में बिक गई। सपा की सरकार में 11 चीनी मिलें बंद हुई। लेकिन हमने 2017 से आज तक एक भी चीनी मिल बंद नहीं की, बल्कि बंद पड़ी चीनी मिलों को चलाने का काम किया।

### यूपी : आम आदमी पार्टी के 70 संभावित विधानसभा प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी

**लखनऊ (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने रविवार को पार्टी के संभावित विधानसभा प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की। इस सूची में 70 संभावित प्रत्याशियों के नाम हैं। इससे पहले पार्टी ने 100 संभावित प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की थी। लखनऊ में गोमती नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए सभाजीत सिंह ने कहा कि संभावित प्रत्याशी विधानसभा प्रभारी के रूप में पार्टी की रीति-नीति के मुताबिक अपने क्षेत्र में प्रदेश नेतृत?व द्वारा तय अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करेंगे। इनका काम सही रहा तो इन?हें




ही पार्टी उस क्षेत्र में अपना प्रत्याशी बनाएगी। इस सूची में पिछड़े वर्ग से 29 नाम हैं। पहली सूची में भी 100 में से 35 नाम पिछड़ा वर्ग से थे। दूसरी सूची में 19 ब्राह्मण, 13 दलित और पांच मुस्लिम नेताओं को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। उन्होंने बताया कि सूची में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की गई है। इसमें डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट से लेकर नौजवान व किसान हर वर्ग से लोगों को शामिल किया गया है। लखनऊ की मलिहाबाद विधानसभा सीट से ललित वाल्मीकि और बक्शी का तालाब सीट से पंकज यादव को विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज?यसभा सांसद संजय सिंह ने एक बयान जारी करके दूसरी सूची में घोषित सभी विधानसभा प्रभारियों को शुभकामना दी है। उन्होंने कहा कि कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को 300 यूनिट फ्री बिजली, बकाया बिल माफ़, किसानों को फ्री बिजली फ्री 24 घंटे बिजली आपूर्ति देने की पार्टी की गारंटी के बारे में बताएं।

## पंजाब कांग्रेस में नया बवाल, कैबिनेट शपथग्रहण से पहले राणा गुरजीत सिंह के खिलाफ 6 विधायकों ने लिखी नवजोत सिंह सिद्धू को चिट्ठी

**जालंधर (एजेंसी)।** पंजाब कांग्रेस की कलह सुलझने का नाम ही नहीं ले रही है। पहले सीएम चुनने और अब नए मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के कैबिनेट को लेकर पार्टी के अंदर ही विरोधी सुर उठने लगे हैं। चन्नी मंत्रीपरिषद के शपथग्रहण में कुछ ही घंटे बाकी हैं और अब दाओबा क्षेत्र के छह विधायकों और पूर्व मंत्री मोहिंदर सिंह केपी ने प्रदेश पार्टी चीफ नवजोत सिंह सिद्धू को चिट्ठी लिखकर राणा गुरजीत सिंह को प्रस्तावित कैबिनेट से हटाए जाने की मांग की है। इन सभी नेताओं का कहना है कि राणा गुरजीत सिंह दाओबा क्षेत्र के एक भ्रष्ट नेता हैं और इसलिए उनकी जगह किसी साफ छवि वाले दलित नेता को कैबिनेट में क्षेत्र का नुमाइंदा चुना जाना चाहिए। राणा गुरजीत सिंह कपूरथला से विधायक हैं।



चिट्ठी लिखने वाले छह विधायकों में सुल्तानपुर लोढी के नवतेज सिंह चीमा, भोलथ के सुखपाल सिंह खैरा, फगवाड़ा के बलविंदर सिंह धालीवाल, जालंधन (नॉर्थ) के बावा हेनरी और शाम चौरासी के पवन अदीया शामिल हैं। एक विधायक ने पहचान न बताने की शर्त पर जानकारी दी कि सभी असंतुष्ट विधायक रविवार दोपहर पटियाला में नवजोत सिंह सिद्धू से मुलाकात करेंगे। बता दें कि मुख्यमंत्री की नई कैबिनेट का शपथग्रहण रविवार शाम चंडीगढ़ में है।

साल 2018 में राणा गुरजीत सिंह, जिनके पास बिजली और सिंचाई विभाग था, को रेत खदान की नीलामी के बाद छिड़े विवाद की वजह से कैबिनेट से हटा दिया गया था। चिट्ठी में विधायकों ने कहा है कि सा 2018 के घोटाले में राणा गुरजीत सिंह, उनके परिवार और उनकी कंपनियों के सीधे तौर पर शामिल होने के वजह से उन्हें कैबिनेट से हटाया गया था। चिट्ठी में यह भी बताया गया है कि पंजाब सरकार ने उनकी कंपनी राजबीर एंटरप्राइज की तरफ से पंजाब की तीन माइनिंग साइटों की नीलामी के लिए जमा किए करीब 25 करोड़ रुपये भी जब्त किए थे। जस्टिस नारंग कमिशन ने भी इस नीलामी में घोटाले का पर्दाफाश किया था।

विधायकों ने यह भी कहा कि राणा गुरजीत सिंह पर आरोप होने और किसी भी कोर्ट से क्लीनचिट न मिलने के बावजूद उन्हें कैबिनेट में शामिल किया जाना हैरानी भरा है। विधायकों ने यह भी कहा है कि दाओबा क्षेत्र से प्रस्तावित कैबिनेट मंत्री या तो जट सिख हैं या फिर ओबीसी सिख, जबकि यहां करीब 38 फीसदी दलित आबादी है। इसलिए राणा गुरजीत सिंह को कैबिनेट विस्तार में जगह न देकर आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए उनकी जगह किसी दलित चेहरे को शामिल किया जाए। हालांकि, जब मोहिंदर सिंह केपी से हमारे सहयोगी हिन्दुस्तान टाइम्स ने संपर्क किया तो उन्होंने साफ कहा कि चिट्ठी पर उनके हस्ताक्षर नहीं है। केपी से जब राणा गुरजीत सिंह को कैबिनेट में शामिल किए जाने पर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है और वह कुछ नहीं कहना नहीं चाहते हैं। इस बीच, तीन विधायकों ने यह पुष्टि की है राणा गुरजीत को कैबिनेट में जगह न देने की मांग पर केपी ने भी अपना समर्थन दिया है।

## सीएम से पीएम बनने वाले नरेंद्र मोदी इकलौते नेता, ट्वीट कर फंसे सुशील मोदी

**पटना (एजेंसी)।** भाजपा सांसद और बिहार के डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी का एक ट्वीट सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। सुशील मोदी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर किए गए इस ट्वीट पर कई प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। जानकारी के अनुसार सुशील मोदी शनिवार को एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां पर मौजूद लोगों को शायद ही यह मालूम होगा कि पीएम मोदी 13 साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे। गुजरात के मुख्यमंत्री से सीधे वह प्रधानमंत्री बने। अभी सात साल से नरेंद्र मोदी देश के पीएम हैं। सुशील मोदी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 20 सालों से देश की सेवा कर रहे हैं। आजादी के बाद से देश में एक भी ऐसा प्रधानमंत्री नहीं रहा जो मुख्यमंत्री भी रहा और



पीएम भी। सुशील मोदी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ऐसे अकेले नेता हैं। सुशील मोदी ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने गुजरात को नई ऊंचाइयां दी। अब वे प्रधानमंत्री हैं तो पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है।

बता दें कि नरेंद्र मोदी देश के छठे ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो मुख्यमंत्री भी थे। नरेंद्र मोदी से पहले 1952 में मोरार जी देसाई बॉम्बे प्रेसीडेंसी के मुख्यमंत्री थे। चौधरी चरण सिंह 1970 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। वीपी सिंह 1980 यूपी के सीएम थे। पीवी नरसिम्हा राव 1971 में आंध्र प्रदेश के सीएम थे। एचडी देवेगौड़ा 1994 में कर्नाटक के मुख्यमंत्री थे। 2014 में प्रधानमंत्री बनने से पहले नरेंद्र मोदी गुजरात के सीएम थे।

### जर्मनीः वोटिंग खत्म, कांटे की टक्कर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जर्मनी में नई संसद को चुनने के लिए वोटिंग पूरी हो गई है. इसके बाद जारी एग्जिट पोल में दो सबसे बड़ी पार्टियों सीडीयू-सीएसयू और एसपीडी में कांटे की टक्कर है. इस तरह नई सरकार के गठन में काफी मुश्किलें आ सकती हैं.जर्मनी में रविवार को नई संसद को चुनने के लिए वोट डाले गए. चुनाव नतीजों को लेकर एग्जिट पोल में जो संभावनाएं जताई गई हैं, उनसे साफ है कि नई सरकार का गठन एक टेढ़ी खीर साबित हो सकता है. मौजूदा सरकार में एक दूसरे की साझीदार सीडीयू-सीएसयू और एसपीडी को 25-25




प्रतिशत वोट मिल सकते हैं. पर्यावरण के लिए खास तौर से काम करने वाली ग्रीन पार्टी को 15 प्रतिशत वोट मिल सकते हैं जबकि 11 प्रतिशत मतों के साथ कारोबारी समर्थक एफडीपी चौथे स्थान पर बताई जा रही है. धुर दक्षिणपंथी एएफडी पार्टी को 11 प्रतिशत और वामपंथी लिंके पार्टी को पांच प्रतिशत वोट मिलने की उम्मीद हैइन चुनावों से तय होगा कि अंगेला मैर्केल की जगह कौन लेगा, जो 16 साल तक जर्मनी की चांसलर रहने के बाद अपना पद छोड़ रही हैं. इस चुनावों में सीडीयू-सीएसयू की तरफ से आर्मिन लाशेट को चांसलर पद का उम्मीदवार बनाया गया है जबकि उन्हें टक्कर दे रहे हैं मौजूदा सरकार में वित्त मंत्री और एसपीडी पार्टी के ओलाफ शॉल्त्स. ग्रीन पार्टी पहली बार चांसलर पद की उम्मीदवार को सामने रखकर चुनाव लड़ रही है।

# दिल्ली में बोले सीएम नीतीश कुमार, जातीय जनगणना देशहित में, अपने निर्णय पर फिर से विचार करे केंद्र सरकार

**पटना (एजेंसी)।** जातीय जनगणना को लेकर बिहार में बयानबाजी का दौर जारी है। भाजपा नेताओं ने कहा कि जातीय जनगणना पर केंद्र का जो निर्णय है, वह उसे मानते हैं और उसके साथ हैं। उनका यह भी आरोप है कि इसकी बात वोट की राजनीति करने वाले ही कर रहे हैं। वहीं अन्य दलों ने जातीय जनगणना कराने की मांग फिर दुहराई है। इस बीच रविवार को दिल्ली में सीएम नीतीश कुमार ने कहा है कि जातीय जनगणना देशहित में है। केंद्र सरकार को अपने निर्णय पर एक बार फिर से पुर्नविचार करना चाहिए। नक्सलवाद को लेकर गृहमंत्री अमित शाह के साथ हुई 10 राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक के बाद सीएम नीतीश पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत के दौरान ये बात कही। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना अगर होगा तो ठीक से होगा, हर घर से पूरी जानकारी लेंगे तो सारी बात स्पष्ट हो जाएगी। ऐसी कोई जाति नहीं जिसमें उपजाति नहीं है। अगर जाति के आधार पर गणना नहीं होती है तो हम लोग इसे कतई सही नहीं मानते। बिहार के सारे दल के लोगों ने जातीय जनगणना की मांग किया है। इस मुद्दे को विधानमंडल से सर्वसम्मति से पास किया गया है। हम तो यही आग्रह करेंगे कि फिर से निर्णय पर पुर्नविचार करें और जातीय जनगणा



करायें। हमलोगों बिहार में एक बार फिर से बैठेंगे और विचार करेंगे। हर किसी को मालूम है कि हमलोगों की इच्छा क्या है?

इससे पहले शनिवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जातीय जनगणना की मांग को लेकर देश की विभिन्न पार्टियों के 33 वरिष्ठ नेताओं को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने केंद्र सरकार के उदासीन रवैये और सबकी साझा आशंकाओं की चर्चा की है। साथ ही, नेताओं से इस मामले में साझी रणनीति तय करने के लिए सुझाव भी मांगा है। नेता प्रतिपक्ष ने अपना पत्र कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत 33 नेताओं को भेजा है। देशभर के गैर भाजपा दलों के नेताओं की उनकी सूची में प्रकाश सिंह बादल, मायावती और चिराग पासवान भी हैं। पत्र में उन्होंने कहा है कि जाति आधारित जनगणना की मांग को राष्ट्र निर्माण में एक आवश्यक कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। जातीय जनगणना नहीं कराने के खिलाफ सत्ताधारी दल के पास एक भी तर्कसंगत कारण नहीं है। केन्द्र का फैसला वंचित वर्गों के विशाल बहुमत के लिए गंभीर चिंता की बात है। जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा है कि जातीय जनगणना कराने को लेकर केंद्र सरकार का अंतिम फैसला अभी नहीं आया है। हमलोगों को अब भी उम्मीद है कि केंद्र सरकार इस पर सकारात्मक निर्णय लेगी। पर, अगर जातीय जनगणना केंद्र नहीं कराता है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस विषय पर केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में जो जवाब रखा है, वह चिंताजनक है। पर, हमलोगों ने उम्मीद अभी नहीं छोड़ी है। कहा कि अगर राज्य सरकार अपने स्तर से जातीय गणना कराती है तो यह उतना लाभदायक नहीं होगा।

# चांसलर पद के उम्मीदवार ने की ऐसी गलती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जर्मन चांसलर अंगेला मैर्केल की पार्टी सीडीयू के नेता और चांसलर पद के उम्मीदवार आर्मिन लाशेट मतदान के दौरान गड़बड़ी के कारण चर्चा में हैं. ऐसा क्या किया उन्होंने?जर्मनी में रविवार को आम चुनाव के लिए वोट डाले जा रहे हैं. लेकिन इस दौरान सीडीयू-सीएसयू के चांसलर



उम्मीदवार और जर्मनी के सबसे बड़े प्रांत नॉर्थ राइन लेस्टफेलिया के मुख्यमंत्री मतदान के दौरान एक बड़ी भूल कर बैठे. उन्होंने मतपत्र को ऐसे मोड़ा कि उसे मतपेटी के अंदर डालने के दौरान साफ दिखा कि उन्होंने किसे वोट दिया है. इसे वोटिंग के दौरान खींची गई तस्वीर में भी देखा जा सकता है. आर्मिन लाशेट ने पश्चिमी जर्मनी के शहर आखेन के अपने चुनाव केंद्र में वोट डाला. इस तस्वीर के सामने आने के फौरन बाद सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई.

यही नहीं, लाशेट के तुरंत बाद वोट देने वाली उनकी पत्नी के मतपत्र में भी दिख रहा है कि उन्होंने किसे वोट डाला है. इसके बाद ट्विटर पर बहस छिड़ गई कि मुख्यमंत्री लाशेट ने सही तरीके से वोट डाला है या नहीं. लाशेट का इस तरह से वोट डालना मतदान की गोपनीयता का उल्लंघन है. जर्मनी में मतदान की गोपनीयता का इतना महत्व है कि यहां गोपनीयता को पूरी तरह बनाए रखने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी गई थी और मतदान पुराने तरीके से पेपर वाले मतपत्र से ही होता है. जर्मनी के संघीय चुनाव अधिकारी के वेबपेज पर मतदान की प्रक्रिया के तहत स्पष्ट रूप से लिखा है कि मतपत्र को इस तरह मोड़ा जाना चाहिए कि पता न चले कि मत किसे दिया गया है. इस नियम के तहत मतदान केंद्र के चुनाव अधिकारी को लाशेट को अपना मतपत्र मतपेटी में डालने से रोकना चाहिए था.

स्वाभाविक है कि संघीय चुनाव अधिकारी के पास सवालों की झड़ी लग गई. डॉयचे वेले ने भी चुनाव अधिकारी से इस बारे में सवाल पूछा जिसके बारे में चुनाव अधिकारी ने ट्वीट पर जवाब दिया. इसमें आर्मिन लाशेट का नाम नहीं लिया गया है, लेकिन कहा गया है कि इस नियम का मकसद यह है कि मतदाताओं को प्रभावित न किया जा सके. चुनाव कार्यालय का कहना है कि मौजूदा मामले को मतदान को प्रभावित करने का मामला नहीं समझा जाना चाहिए क्योंकि ठदेश भर में विख्यात राजनीतिज्ञ ने उम्मीद के अनुरूप खुद अपनी पार्टी को वोट दिया हैठ तस्वीर में देखा जा सकता है कि लाशेट ने अपने दोनों वोट अपनी पार्टी सीडीयू को दिए हैं, जिसके वे अध्यक्ष भी हैं. इस मामले का वोटों की गणना पर कोई असर नहीं होगा।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम

पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

आरएनआई नं.
UPHIN 2001/9025

### तुर्की को नहीं है अमेरिका का डर, प्रतिबंध के बावजूद कहा- हम और खरीदेंगे रूसी मिसाइलें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा है कि वह अमेरिका की कड़ी आपत्तियों के बावजूद दूसरी रूसी मिसाइल प्रणाली खरीदने पर विचार करेंगे। एर्दोआन ने अमेरिकी प्रसारक 'सीबीएस न्यूज' को दिए साक्षात्कार में कहा कि तुर्की को अपनी रक्षा प्रणाली के संबंध में स्वयं फैसला करना होगा। उन्होंने इस सप्ताह दिए साक्षात्कार में कहा कि तुर्की को अमेरिका निर्मित पैट्रियॉट मिसाइलें खरीदने का विकल्प नहीं दिया गया था और 1.4 अरब डॉलर के भुगतान के बावजूद अमेरिका ने एफ-35 विमान मुहैया नहीं कराए। नाटो के सदस्य तुर्की को रूस निर्मित एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने के बाद एफ-35 कार्यक्रम से बाहर कर दिया गया था। अमेरिका नाटो के भीतर रूसी प्रणालियों के उपयोग का कड़ा विरोध करता है। उसका कहना है कि यह एफ -35 के लिए खतरा है।

# अब अफगान पासपोर्ट और राष्ट्रीय पहचान पत्र बदलेगा तालिबान

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की सत्ता में 20 साल बाद वापसी करने वाला तालिबान अब लोगों के पासपोर्ट और पहचान पत्र बदलेगा। तालिबान ने घोषणा की है कि वे पिछली सरकार द्वारा जारी किए गए अफगान पासपोर्ट और राष्ट्रीय पहचान पत्र बदल देंगे। साथ ही यह भी कहा कि ये दस्तावेज कुछ समय के लिए मान्य होंगे। इसकी जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। खामा प्रेस न्यूज एजेंसी ने तालिबान के सूचना और संस्कृति के उप मंत्री और प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद का हवाला देते हुए बताया कि यह संभव है कि अफगान पासपोर्ट और एनआईडी में 'अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात' नाम हो। मुजाहिद ने यह भी कहा कि पिछली सरकार द्वारा जारी किए गए दस्तावेज अभी भी देश के कानूनी दस्तावेजों के रूप में मान्य हैं।समाचार एजेंसी के अनुसार, अफगानिस्तान में पासपोर्ट और राष्ट्रीय पहचान पत्र विभाग अभी भी बंद हैं और केवल वे ही इन



दस्तावेजों को प्राप्त कर सकते हैं जिन्होंने अपना बायोमेट्रिक्स प्रक्रिया पूरा कर लिया है। बता दें कि सत्ता में आने के बाद तालिबान लगातार कुछ न कुछ बदलाव कर रहा है। बीते दिनों उसने महिलाओं की मिनिस्ट्री खत्म कर दी और उसे प्रार्थना और मार्गदर्शन मंत्रालय बना दिया। वहीं उसने कहा है तालिबान में शरिया कानून लाएगा, जिसमें हाथ काटने से लेकर फांसी जैसी बर्बर सजा का प्रावधान है। तालिबान द्वारा फांसी और हाथ और शरीर काटने जैसी सजाएं फिर शुरू किये जाने की चेतावनी के एक दिन बाद संगठन ने इस पर अमल भी कर दिखाया। चार लोगों के शवों को बड़ी क्रूरता से क्रेन के माध्यम से चौराहों पर लटका दिया गया।

गौरतलब है कि 15 अगस्त को अफगानिस्तान में सत्ता संभालने के बाद से तालिबान अपने पिछले कार्यकाल की तुलना में नरम शासन का वादा करता रहा है लेकिन देश भर से मानवाधिकारों के हनन की कई खबरें पहले ही सामने आ चुकी हैं।